# बसपा प्रत्याशियों को ताकत देने कल आएंगी मायावती

## राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में 11 बजे जनसभा को करेंगी संबोधित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


राजकीय इंटर कॉलेज मैदान पर जनसभा के लिए बनाया जा रहा पंडाल।

**अमृत विचारः** खीरी और धौरहरा लोकसभा सीट पर बसपा प्रत्याशियों को ताकत देने के लिए बसपा अध्यक्ष मायावती राजकीय इंटर कॉलेज मैदान पर मंगलवार को जनसभा में आएंगी। माना जा रहा है कि बसपा अध्यक्ष खीरी और धौरहरा सीट पर बसपा के पक्ष में माहौल बनाएंगी। उनके कार्यक्रम के आने से बसपा कार्यकर्ताओं में उत्साह है।

बता दें कि इस सीट पर भाजपा दस साल से काबिज है। तीन अक्टूबर 2021 को तिकुनियां कांड में सिख किसानों की मौत के आक्रोश को देखते हुए बसपा ने खीरी सीट पर सिख धर्म के अंशय कालरा को चुनाव मैदान में उतारा है, जबकि धौरहरा सीट पर सोशल इंजीनियरिंग के तहत ब्राह्मण प्रत्याशी श्याम किशोर अवस्थी को टिकट देकर भाजपा की धड़कनें बढ़ा दी हैं। जिले की दोनों सीटों पर बसपा प्रत्याशी जनसंपर्क के बूते हर बिरादरी तक पहुंच रहे हैं। अब बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती खीरी सीट से बसपा प्रत्याशी अंशय कालरा और धौरहरा सीट से श्याम किशोर अवस्थी के समर्थन में वोट मांगने के लिए आएंगी।

उनकी जनसभा सात मई को पूर्वान्ह 11 बजे से है। इस लोकसभा चुनाव में बसपा ने किसी भी दल से गठबंधन नहीं किया है। पूर्व मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर जीआईसी मैदान पर उतरेगा। बसपा अध्यक्ष की जनसभा को सफल बनाने के लिए मैदान पर बैरिकेडिंग के साथ ही मंच की साज-सज्जा, हेलीपैड और सभास्थल का काम तेजी से चल रहा है।

### खीरी सीट पर बसपा से पहली बार सिख बिरादरी का प्रत्याशी उतारा


अंशय कालरा।

खीरी सीट पर भाजपा से तीसरी बार अजय मिश्र टेनी मैदान में हैं, जबकि सपा (इंडी गठबंधन) से उत्कर्ष वर्मा प्रत्याशी हैं। बसपा ने अंशय कालरा को प्रत्याशी बनाया है। बसपा ने 2014 के चुनाव में खीरी सीट से अरविंद गिरि को प्रत्याशी बनाया था। तब बसपा दूसरे स्थान पर रही थी। भाजपा के अजय मिश्र टेनी को 3,98,578 वोट, जबकि बसपा के अरविंद गिरि को 2,88,304 मत मिले थे। 2019 के चुनाव में भाजपा से अजय मिश्र टेनी ही मैदान में रही, जबकि सपा से गठबंधन के कारण इस सीट पर सपा की डॉ. पूर्वी वर्मा चुनाव लड़ीं। 2019 में भाजपा को 6,09,589 वोट, जबकि सपा को 3,90,782 मत मिले थे। बसपा प्रत्याशी अंशय कालरा का कहना है कि उनका सपना क्षेत्र की जनता को अत्याचार से मुक्ति दिलाने और खुशहाली लाने का है।

### मजबूती से पकड़ बना रहे श्याम किशोर


श्याम किशोर अवस्थी।

धौरहरा सीट पर भाजपा से तीसरी बार सांसद रेखा वर्मा चुनाव मैदान में हैं, जबकि सपा से आनंद भदौरिया उम्मीदवार हैं। बसपा ने सोशल इंजीनियरिंग का दांव खेलते हुए धौरहरा सीट पर ब्राह्मण प्रत्याशी श्याम किशोर अवस्थी को चुनाव मैदान में उतारा है। वह भाजपा छोड़कर बसपा में आए हैं और उनकी अपनी बिरादरी में पकड़ है। वह भाजपा का वोट बैंक माने जाने वाले ब्राह्मण वोटों को अपने पाले में समेटने की कोशिश में लगे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो यदि कुर्मी बिरादरी का वोट रेखा वर्मा के पक्ष में एकजुट है तो ब्राह्मण वोट भी बसपा के पक्ष में लामबंद हो सकते हैं। इससे श्याम किशोर अवस्थी मजबूत नजर आ रहे हैं।

# आरोपियों पर कार्रवाई न होने से स्वास्थ्य कर्मी हताश

## सीएचसी अधीक्षक की पिटाई का मामला, कहा- डीएम-एसपी भी गंभीर हैं, इस घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।


सीएचसी में अधीक्षक से घटना की जानकारी लेते सीएमओ।

**अमृत विचारः** सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणेश कुमार और वीसीपीएम योगेश पाल के साथ हुई मारपीट से स्वास्थ्य कर्मी आहत हैं। उनका कहना है कि जब हमारे अधिकारी एसडीएम दफ्तर में ही सुरक्षित नहीं हैं तो हम लोग कैसे काम कर पाएंगे। स्वास्थ्य कर्मियों के आहत होने के कारण सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता और एसीएमओ डॉ संतोष कुमार मिश्रा के साथ सीएचसी पहुंचकर अधीक्षक डॉ गणेश कुमार, बीसीपीएम योगेश कुमार से घटना की जानकारी कर मेडिकल रजिस्टर सहित तमाम दस्तावेज देखे।

सीएचसी अधीक्षक और वीसीपीएम की शनिवार को वकील मनोज श्रीवास्तव आदि ने उस समय मारपीट कर दी थी जब वह दोनों तहसील में एसडीएम के दफ्तर गए थे। मामले में पुलिस ने आरोपी वकील समेत दो को नामजद करते हुए चार अन्य पर रिपोर्ट दर्ज की थी। इधर, आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से स्वास्थ्य कर्मी आहत है। इस जानकारी पर सीएमओ सीएचसी पहुंचे। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को आश्वस्त किया कि मामले की निष्पक्ष जांच होगी। मामले पर डीएम और एसपी भी गंभीर हैं। दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि चिकित्सक से अभद्रता और मारपीट करना निंदनीय है। वह गार्जियन होने के नाते मामला संज्ञान में आने से यहां आए हैं। इस दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय कुमार, डॉ शंकर दयाल गोस्वामी, डॉ अशोक बिहारी, दीपक मिश्रा, सचिन कुमार सहित स्टॉफ के तमाम लोग मौजूद रहे। उधर, आरोपी वकील ने जिला निर्वाचन अधिकारी को एक पत्र भेजकर सीएचसी अधीक्षक पर विपक्षी एक पार्टी के पक्ष में वोट मांगने का आरोप लगाया गया है।

**आज रणनीति बनाएंगे वकील** : इधर, वकील संघ भी आज सोमवार को बैठक कर रणनीति तैयार करेंगे। वकील मनोज श्रीवास्तव का कहना है कि डॉ गणेश सरकारी डयूटी पर रहते हैं फिर प्रॉपर्टी डीलिंग और दवा का कारोबार किस आधार पर कर रहे हैं। इसकी जांच कर कार्यवाही की जानी चाहिए।

### 13 मई तक डॉक्टर बैठेंगे शांत, 15 से कार्यबहिष्कार

गोला सीएचसी के अधीक्षक की पिटाई से डॉक्टरों में आक्रोश है। चुनाव को देखते हुए संगठन के लोगों ने 13 मई तक शांत बैठने का निर्णय लिया है। मगर, 15 मई तक आरोपी अधिवक्ता की गिरफ्तारी न होने पर संगठन ने 15 मई से कार्यबहिष्कार पर जाने का निर्णय लिया है। सीएचसी अधीक्षक के साथ हुई घटना से सीएचसी स्टाफ से लेकर प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ के लोगों में नाराजगी है। इस प्रकरण पर न्याय न मिलने पर संगठन ने कार्यबहिष्कार पर जाने का निर्णय लिया है, लेकिन 13 मई को मतदान होने जाने के बाद।

शनिवार को तहसील में एक अधिवक्ता ने अपने साथियों संग मेरे साथ मारपीट की। एसडीएम ऑफिस में घुसकर अपनी जान बचाई। पुलिस को तहरीर देने के साथ संगठन से लेकर सीएमओ तक को प्रकरण से अवगत करा दिया है।

**-डॉ. गणेश कुमार अधीक्षक सीएचसी गोला कुंभी**

सीएचसी अधीक्षक के साथ मारपीट की घटना बेहद दुखद है, जिसकी संगठन निंदा करता है। अधीक्षक की ओर से पुलिस को तहरीर दे दी गई है। यदि 13 मई तक नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी न हुई तो सभी डॉक्टर 15 मई से कार्य बहिष्कार पर जाने के लिए मजबूर होगें।

**-डॉ. संतोष कुमार त्रिपाठी, प्रशासनिक अधिकारी जिला अस्पताल एवं कार्यवाहक अध्यक्ष प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ**

मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। सभी धाराएं सात साल से नीचे की हैं, इसलिए आरोपी पक्ष को केवल नोटिस ही जा सकती है। अभी लोकसभा चुनाव की व्यस्तता है। पूरे मामले की विवेचना और अग्रिम कार्रवाई 13 मई के बाद ही हो पाएगी।

**-इंद्रजीत सिंह, प्रभारी निरीक्षक।**

## बाइक से गिरी महिला को कार ने कुचला

**पलिया, अमृत विचारः** बाइक से शादी का सामान लेने आ रही एक महिला अचानक ब्रेक लेने से उछल कर सड़क पर गिर गई। इसी बीच निकली तेज रफ्तार कार ने उसे कुचल दिया, जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसा पलिया-निघासन मार्ग पर हुआ। थाना मझगई के गांव छब्बापुरवा निवासी मुस्ताक खां की पत्नी नाजरा बेगम (55) शाम करीब चार बजे अपने बेटे मुन्ना के साथ पलिया शादी का सामान खरीदने बाइक से आ रहीं थीं। उनकी बाइक के आगे चल रही बाइक के चालक ने रास्ते में अचानक अपनी बाइक मोड़ दी। इस पर मुन्ना ने तेज ब्रेक लगा दी। इससे नाजरा बेगम अनियंत्रित होकर बाइक से सड़क पर गिर गई। पीछे से आ रही एक कार ने कुचल दिया। जिससे उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिवार के लोग उसे लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## सार-संक्षेप

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में निशा प्रथम


प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाली निशा अपने पिता के साथ।

**पिपरिया धनी, अमृत विचार :** गांव रसूलपुर में एक कोचिंग सेंटर में बजरंग दल ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कराई। जिसमें कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाले कुल 14 बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में निशा पुत्री जितेंद्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जबकि विकास पुत्र देवानंद दूसरे स्थान पर रहे। तृतीय स्थान अनामिका देवी पुत्री लक्ष्मण को मिला है। बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष पुष्पेंद्र हिंदू ने प्रथम, द्वितीय व और तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही कॉपी भेंट कर सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों को सामान्य ज्ञान पर ज्यादा फोकस करने के टिप्स दिए। बताया कि सभी बच्चों को सामान्य ज्ञान के साथ-साथ अपने क्लास के विषयों पर अध्ययन करना चाहिए। कम से कम दिन में 4 घंटे तक पढ़ाई पर समय दे। इस मौके पर प्रतियोगिता व्यवस्थापक हैप्पी सिंह, वह कोचिंग सेंटर की शिक्षिका मनप्रीत कौर, प्रतिभागियों के अभिभावक आदि रहे।

### कजरिया में चिकित्सा शिविर, जांची मरीजों की सेहत

**संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार :** एसएसबी 39 वीं वाहिनी पलिया कलां की चिकित्सा टीम ने भारत-नेपाल सीमा के गांव कजरिया में ओपीडी मेडिसिन कार्यक्रम चलाया और सौ से अधिक मरीज देखे। उन्हें दवाएं वितरित कीं। चिकित्सा कमांडेंट डॉ. बृजेश कुमार ने ग्रामीणों को हर प्रकार के नशीले पदार्थों से दूर रहने और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया।

### सीतापुर आंख अस्पताल में निःशुल्क शिविर आज

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** मोहम्मदी रोड स्थित सीतापुर आंख अस्पताल में छह मई को निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया जाएगा। जिसमें आंखों से सम्बंधित मुफ्त जांच और इलाज भी मिलेगा। सीतापुर आंख अस्पताल के कर्नल रणवीर सिंह भदौरिया, डॉ. मधु भदौरिया ने बताया नेत्र कि शिविर में मुफ्त जांच के बाद जिन मरीजों को ऑपरेशन की सलाह दी जाएगी। उन्हें गाड़ी से सीतापुर अस्पताल ले जाकर इलाज के बाद गांव तक छोड़ने की व्यवस्था की गई है। शिविर में ऑपरेशन के लिए आने वाले लोग अपना आधार कार्ड लेकर आएं। उन्होंने आम जन मानस से शिविर में भाग लेने, नेत्र जांच, मुफ्त ऑपरेशन के लाभ लेने की अपील की है।

### रास्ते पर लगा पेड़ काटा, ठेकेदार समेत दो पर केस

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सार्वजनिक रास्ते पर लगा सेमल का पेड़ काटे जाने के मामले में हल्का लेखपाल ने ठेकेदार और पड़ोसी खेत मालिक के खिलाफ थाना नीमगांव पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। हल्का लेखपाल रवि प्रकाश सिंह ने बताया कि तहसील मितौली के गांव व्यासपुर में सार्वजनिक रास्ता है, जिस पर एक सेमल का पेड़ लगा था। कुछ ग्रामीणों से पेड़ के काटे जाने की सूचना मिली थी। निरीक्षण में काटा गया पेड़ रास्ते की भूमि पर पाया गया, लेकिन काटे गए पेड़ की लकड़ी नहीं मिली। लोगों ने बताया कि पड़ोसी कास्तकार जगदीश पुत्र रामसहाय व प्रमोद कुमार पुत्र गंगाराम (ठेकेदार) निवासी व्यासपुर ने अवैध रूप से पेड़ कटवा लिया है। एसओ नीमगांव श्रद्धा सिंह ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### मामूली विवाद से नाराज युवक अब फोन कर दे रहा धमकी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** मामूली विवाद से नाराज एक युवक अब फोन कर दूसरे पक्ष को धमका रहा है। पीड़ित की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शहर के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी रोहित कुमार कनौजिया ने बताया कि पड़ोसी मंजीत वर्मा के लड़के पास की गली में बैट बाल खेल रहे थे, जिन्होने उसकी दीवार पर लगी वेल को तोड दिया था। उन्होंने इसकी शिकायत मंजीत वर्मा से की तो मंजीत वर्मा व उनकी पत्नी उल्टे आमादा फौजदारी हो गए और जातिसूचक गालियां दी। अपमानजनक शब्द कहे। अब मंजीत वर्मा का साला गांव मुड़िया निवासी रवी वर्मा उसे फोन पर जान से मारने की एलानियां धमकी दे रहा है, जिसकी रिकॉर्डिंग भी उनके पास मौजूद है। उन्होंने आरोपी के खिलाफ सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# रोडवेज बस ने कार में मारी टक्कर, तीन की मौत

## बाइक सवार को बचाने में बेकाबू हुई बस, जेसीबी से पुलिस ने कार में फंसे लोगों को निकाला, सात घायल अस्पताल में भर्ती

संवाददाता नबाबगंज उन्नाव


घायलों को निकालने के लिये कार के क्षतिग्रस्त हिस्से को हटाती जेसीबी। अमृत विचार


हादसे में घायल को ले जाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार


हादसे में क्षतिग्रस्त हुई कार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अचानक सामने आए बाइक सवार को बचाने के प्रयास में रोडवेज बस अनियंत्रित होकर दूसरी लेन में जाकर सामने से आ रही कार से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें बैठे लोगों में चीख-पुकार मच गई। कार में मौजूद लोग आपस में रिश्तेदार थे और लखनऊ से एक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी से फंसे लोगों को बाहर निकालकर सीएचसी भेजा। जहां एक महिला समेत दो लोगों को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य घायलों को ट्रामा रेफर कर दिया। वहां पहुंचने से पहले एक अन्य ने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। जिसे खुलवाने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर जैतीपुर मोड़ के पास बाइक सवार को बचाने में कानपुर से लखनऊ जा रही राठ डिपो की रोडवेज बस अनियंत्रित होकर दूसरी लेन में जाकर सामने से आ रही कार से टकरा गई। भीषण टक्कर में कार का अगला हिस्सा व छत उड़ गई और उसमें बैठे लोग अंदर ही फंस गए। चीख सुन लोग दौड़े और फंसे लोगों को बाहर निकालने का प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं हो सके। इसी बीच अजगैन एसएचओ अवनीश कुमार फोर्स के साथ पहुंचे और जेसीबी मंगवाकर और कार का दरवाजा काटकर लोगों को बाहर निकलवाया

- लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित नवाबगंज में हुआ हादसा
- मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे रिश्तेदार

और सीएचसी भेजा। जहां डाक्टर ने अजगैन क्षेत्र के सधीरा गांव निवासी उषा सिंह (32) व शिव बहादुर सिंह (60) को मृत घोषित कर दिया। जबकि, घायल दीपक सिंह (35) उसके बेटे दीपांशु (12) व अंश (9), दुर्गेश, उसकी बहन गुड़िया (25) व दुर्गा (20), वीरेंद्र सिंह (30), खुशी (10) व तनीशा वर्मा (30 ) को सीएचसी से प्राथमिक इलाज के बाद सभी लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। इसमें वीरेंद्र की रास्ते में ही मौत हो गई। हादसे के बाद रोडवेज बस चालक व परिचालक मौके फ़रार हो गये। परिजन सर्वेश सिंह ने बताया कि परिवार के सभी लोग कार से रविवार को मोहनलाल गंज में आयोजित एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गये थे। जहां से लौटते समय जैतीपुर मोड़ के पास हादसा हो गया। एसएचओ अवनीश सिंह ने बताया कि हाईवे पर हुये हादसे में महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है।

### हादसे के बाद मचा कोहराम

रविवार दोपहर बाद हुए हादसे की सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। बिलखते परिजन सीएचसी पहुंचे। जहां अपनों के शव देख बेहाल हो गए। कार सवार सभी रिश्तेदार थे। वहीं हादसे के बाद हाईवे पर जाम के हालात बन गए। चालक-परिचालक के भागने से पुलिस ने बस व क्षतिग्रस्त कार को किनारे कराकर यातायात सुचारू कराया। उधर, बस में सवार यात्रियों को अन्य संसाधनों से भेजा गया।

# सड़क हादसों में बच्चे की मौत, 12 लोग घायल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- बांगरमऊ, सफीपुर व हसनगंज कोतवाली के अलावा दही थानाक्षेत्र में हुए हादसों

**अमृत विचार।** बांगरमऊ, सफीपुर व हसनगंज कोतवाली क्षेत्रों के अलावा दही थानांतर्गत हुए सड़क हादसों में एक बच्चे की मौत हो गई। जबकि, नौ लोग गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची संबंधित थाना व कोतवाली की पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

बांगरमऊ क्षेत्र के नसीरनगर निवासी हनीफ की पत्नी रहमतुन सात वर्षीय बेटे तौसीफ को लेकर अपने मायके अतरधनी आई थी। रविवार शाम तौसीफ बिस्किट खरीदने गांव के बाहर दुकान पर जा रहा था। तभी बांगरमऊ से आया तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे रौंद दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने ट्रैक्टर चालक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। वहीं सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के छूही गांव निवासी साहबलाल व पप्पू कस्बा सफीपुर से लौट रहा था। तभी उन्नाव-हरदोई मार्ग पर बोलेरो ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें दोनों बाइक सवार गंभीर घायल हो गए।

हसनगंज क्षेत्र में शनिवार देररात करीब तीन बजे कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-बागरमऊ मार्ग स्थित पुछड़ा तिराहे के पास लखनऊ से आ रहे ट्रेलर की सामने से आए ट्रक से टक्कर हो गई। इसमें ट्रक चालक धर्मेंद्र निवासी सकतपुर एटा व ट्रेलर चालक सतेंद्र पाल निवासी रायपुर फरुखाबाद गंभीर घायल हो गए। एसएचओ चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि दोनो का इलाज ट्रामा सेन्टर में चल रहा है।

रामपुर के बिलासपुर के सगीर कस्बा निवासी साजन खलासी सूरज के साथ मेरठ से ट्रक में प्लाई बोर्ड लादकर असम जा रहा था। रविवार भोरपहर पुरवा मार्ग पर दही थानाक्षेत्र के गौरा गांव के मोड़ पर अचानक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें घायल चालक व खलासी को पुलिस ने बिछिया सीएचसी पहुंचाया। हादसे के बाद शाम तक बीच रोड से प्लाई लदा ट्रक किनारे नहीं कराया जा सका। इससे एक लेन पर ही वाहन रेंगते रहे और जाम के हालात बने रहे। घटनास्थल से मात्र 100 मीटर दूर दरोगा खेड़ा चौकी है। इसके बावजूद 16 घंटे बाद तक ट्रक बीच रोड से नहीं हटाया जा सका। बांगरमऊ क्षेत्र के कोलिया निवासी राम सच्चे भाई सुधीर के साथ रविवार सुबह बाइक से जा रहा था। जबकि, पड़ोसी गांव हसनपुर सगौड़ा निवासी दिलीप बाइक से आ रहा था। रास्ते में गांव छतरापुर के पास दोनो बाइकों में टक्कर हो गई। इसमें तीन युवक गंभीर घायल हो गए। वहीं हरदोई के मल्लावां के सैरैयां निवासी वसीम पत्नी शफीकुन के साथ ई-रिक्शा से गंजमुरादाबाद आ रहा था। तभी रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें दोनों गंभीर घायल हो गए। वहीं, कोतवाली क्षेत्र के गांव अतरधनी की नईमा अपने पति के साथ बाइक से जा रही थी। तभी गांव चक हनुमान के पास अचानक बाइक के उछलने से नईमा सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गई।

# बी-फार्मा कर रहे छात्र ने फांसी लगा कर दी जान

संवाददाता सोहरामऊ उन्नाव

- आईपीएसआर कालेज में पढ़ रहा था वाराणसी का छात्र

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के एक कालेज में बी-फार्मा की पढ़ाई कर रहे छात्र ने फांसी के फंदे से लटककर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


अनुज मिश्रा।

रविवार दोपहर करीब दो बजे कस्बा सोहरामऊ में आर्यावर्त बैंक के सामने शोभित मिश्रा के मकान में अनुज पुत्र बालकृष्ण मिश्रा निवासी कुरुकुरु जिला वाराणसी किराए पर रहता था। वह आईपीएसआर कालेज में बी-फार्मा की पढ़ाई कर रहा था। पड़ोसियों के अनुसार अनुज काफी दिनों से परेशान दिख रहा था। रविवार दोपहर दो बजे अपने कमरे में लगे पंखे में चादर से फासी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। पड़ोसी सूरज ने जब खिड़की से अनुज को लटका देखा तो पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद परिजनों को सूचना दी और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# ट्रेन की चपेट में आया अधेड़, मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- प्रयाग इंटर सिटी की चपेट में आने से हुई मौत

**अमृत विचार।** पैदल जा रहा अधेड़ ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। सूचना पर पहुंचे परिजन उसका क्षत-विक्षत शव पड़ा देख सहम गए। आरपीएफ व सदर कोतवाली पुलिस पहुंची और शव ट्रैक से हटवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


शिव प्रसाद।

सदर कोतवाली क्षेत्र के हुसैन नगर गांव निवासी शिव प्रसाद (50) पुत्र स्व. ननकऊ मजदूरी कर परिवार का जीवन यापन करता था। शनिवार रात घर से खाना खाकर बाहर टहलने निकला था। तभी वह गांव के बाहर निकली उन्नाव-प्रयाग रेलवे ट्रैक के खंभा संख्या 179/6-7 के बीच क्रासिंग के पास प्रयाग से कानपुर जा रही इंटरसिटी की चपेट में आ गया। इसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर परिजन पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। आरपीएफ व सदर कोतवाली पुलिस पहुंची और शव को ट्रैक से हटवाया। इसके बाद रूट क्लियर हो सका।

दिवंगत अधेड़ की पत्नी की कई साल पहले मौत हो चुकी है। वह अपने इकलौते बेटे ब्रजेश के साथ रहता था। ब्रजेश लोडर चालक है और घटना के समय घर पर नहीं था। भाई भगवानदीन की सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें उसके शरीर पर 10 से अधिक चोटें मिली हैं। लोगो में चर्चा रही कि अधेड़ ने ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या की है।

# अलग-अलग घरों से लाखों का माल चोरी

संवाददाता सोहरामऊ उन्नाव

- पुलिस बोली जल्द ही चोरियों का खुलासा किया जाएगा

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के गांव सरांय जोगा में शनिवार रात चोरों ने अलग-अलग घरों में धावा बोलकर लाखों की नकदी के साथ सोने-चांदी के जेवरात पार कर दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच कर चोरों की तलाश कर रही है।

सरांय जोगा गांव में शनिवार रात दिनेश, नरेश व रविशंकर के घरों में चोरों ने धावा बोला। अलमारियों के ताले तोड़ सोने-चांदी के जेवरात के अलावा लाखों की नकदी ले गए। सुबह जानकारी होने पर नरेश ने घटना की शिकायत सोहरामऊ थाने में की।

मौके पर पुलिस ने घटना की जांच की है। एसओ कमल किशोर दुबे ने बताया कि तहरीर मिली है। घटनाओं की जांच की जा रही है। जल्द ही चोरियों का खुलासा किया जाएगा।

# रुद्राभिषेक में भक्तों ने किया शिवार्चन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** शहर के मां कल्याणी मंदिर में स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में वैशाख मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी (प्रदोष) पर सामूहिक रुद्राभिषेक कराया गया। आचार्य जुगल किशोर तिवारी द्वारा यजमानों को भोलेनाथ का श्रृंगार कर पूजन-अर्चन कराया गया।


सामूहिक रुद्राभिषेक में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

यजमानों में शामिल अमिता अवस्थी, शिवम, प्रतिमा, श्रीकांत तिवारी, रेनू गुप्ता, ईशान, निशा रवि प्रकाश दीक्षित, उषा, बृजेश, काजल, व कोमल वर्मा आदि ने परिवार के अन्य लोगों सहित पहुंचकर रुद्राभिषेक किया। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग बाबा विश्वनाथ, सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकाल, ओंकारेश्वर, बैजनाथ, भीमाशंकर, रामेश्वर, नागेश्वर, त्र्यंबकेश्वर केदारनाथ व घृष्णेश्वर श्रृंगार भी किया। पूजन की तमाम व्यवस्थाएं समिति के सचिव कमलेश नाथ अवस्थी, गोपाल तिवारी व सर्वेंद्र सिंह चौहान ने कीं। मंदिर समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष पीके मिश्रा ने समापन पर सभी के प्रति आभार जताया।

# वन विभाग की जमीन को बेचने में एफआईआर

संवाददाता, बिछिया

**अमृत विचार।** दही थानाक्षेत्र के गांव खम्भार खेड़ा के मज़रे ओरहर निवासी राजकुमारी उर्फ कुसुमा देवी पत्नी कुंवर पाल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने एक आवासीय प्लाट गांव तुर्कमान नगर परगना हड़हा तहसील व जिला उन्नाव में शिवराम पुत्र हुबलाल निवासी गांव तुर्कमान नगर थाना दही से दो लाख रुपये में 12 मार्च 2014 को खरीदा था। जब वह अपने प्लाट पर कब्जा करने पहुंची तो उसे पता चला कि वन विभाग से पता चला कि वह प्लाट वन विभाग का है।

उसने जब विक्रेता से संपर्क किया और वह प्लाट वन विभाग का होने की बात कही तो उसने कहा कि मैंने तुम्हारे नाम बैनामा कर दिया है। अब कब्जा नहीं मिला तो वह इसमें क्या करे। यह कहते हुए उसने पल्ला झाड़ लिया। आरोप है कि विक्रेता ने जान बूझकर उससे बेईमानी की है। दही एसओ अनुराग सिंह ने बताया कि धोखाधड़ी में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# पांच लाख की धोखाधड़ी का आरोप, दी तहरीर

**बिछिया।** दही क्षेत्र के राजेपुर निवासी मो. नौशाद आलम ने पुलिस को बताया कि वह एक स्लाटर हाउस में नौकरी करता था। वहां आने वाले शैलेंद्र तिवारी निवासी हजरतगंज लखनऊ ने एक कंपनी से डॉग फूड का कच्चा माल दिलाकर उसे तैयार करने का काम दिलाने का भरोसा दिलाकर पांच लाख रुपये अपने खाते जमा करवा लिये। साथ ही लेबर, गोदाम के नाम पर करीब डेढ़ लाख रुपये और खर्च करवा दिये। इसके बाद से वह शैलेंद्र के मोबाईल पर फोन करता है लेकिन वह कोई जवाब नहीं दे रहा है।

# स्टेशन के पास मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- कीटनाशक निगल कर जान देने की जताई जा रही आशंका

**अमृत विचार।** उन्नाव-प्रयाग रेलमार्ग अंतर्गत बीघापुर रेलवे स्टेशन पर एक युवक शव पड़ा देख लोगों में सनसनी फैल गई। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस को जांच में शव के पास कोल्ड ड्रिंक की खाली बोतल व कीटनाशक का रैपर मिला। इससे उसके द्वारा आत्महत्या किए जाने के कयास लगाए गए। उसकी पत्नी विवाद के बाद से काफी समय से मायके में थी और कुछ दिन पहले इसकी मासूम बेटी की ननिहाल में मौत हो गई थी।

रविवार दोपहर करीब दो बजे बीघापुर रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर अमन खान ने स्टेशन से कुछ दूर एक बबूल के पेड़ के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना बीघापुर कोतवाली पुलिस को दी। दरोगा लक्ष्मण प्रसाद पांडेय मौके पर पहुंचे तो उन्हें जांच में शव के पास एक कोल्ड ड्रिंक की बोतल व कीटनाशक पदार्थ का एक रैपर पडा मिला। जामातलाशी में मिले मोबाइल फोन से पुलिस ने काल की तो परिजनों से बात हुई। बड़े भाई रामनरेश चौरसिया पहुंचे और शव की पहचान बिहार थानांतर्गत सिजनी सोहरामऊ गांव निवासी धर्मेश (40) पुत्र चंद्रिका चौरसिया के रूप में करते हुए बताया कि धर्मेश की शादी पांच साल पहले मौरावां थानाक्षेत्र के कटरा गांव में हुई थी। शादी के एक साल बाद पत्नी मायके चली गई थी। परेशान भाई शुक्लागंज अपनी बहन के घर आ गया। वह पानी के बताशे बेचता था। बताया कि पत्नी से संबंध विच्छेद होने के बाद उसकी बेटी भी मां के साथ रहती थी।

# स्वास्थ्य मेले में जांच को आए 2201 मरीज

**उन्नाव।** बढ़ती गर्मी के साथ स्वास्थ्य मेले में रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही। रविवार को स्वास्थ्य मेले में आए मरीजों डाक्टरों द्वारा जांच कर उन्हे दवा वितरित कर हीट स्ट्रोक से बचने के लिए अधिक पानी पीने की के साथ जरूरी होने पर धूप में निकलने पर सिर ढके रहने की सलाह दी। जिले के 42 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी ) में लगे जन आरोग्य मेले में सबसे अधिक त्वचा रोग से पीड़ित मरीज रहे। सीएमओ डा.सत्य प्रकाश ने बताया कि कुल 2201 मरीज पहुंचे।

# बिक रही केमिकल मिली ताड़ी, ले सकती जान


ताड़ी उतारने को पेड़ पर चढ़ा युवक।

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

- आबकारी अफसरों की मिलीभगत होने से नहीं लग पा रही अवैध कारोबार पर लगाम

**अमृत विचार।** हसनगंज तहसील क्षेत्र में इन दिनों अवैध ताड़ी का कारोबार जोरों पर है। हजारों की संख्या में लगे ताड़ के पेड़ों से ताड़ी उताकर उसमें केमिकल मिलाकर नशा तेज करने के बाद लोगों को इसकी बिक्री की जा रही है। लोग कम खर्च में अधिक नशे के लालच में इसका जमकर उपयोग कर रहे हैं। जिससे लगातार उनकी जान से खिलवाड़ हो रहा है। इस अवैध कारोबार के बारे में सब जानते हुए भी आबकारी विभाग के अधिकारी अनजान बने हुए हैं। क्षेत्रीय लोगों के अनुसार, यह कारोबार करने वालों से संबंधित विभाग के अफसरों की मिलीभगत होने से इस पर लगाम नहीं लग पा रही है।

बता दें कि हसनगंज क्षेत्र के इन दिनों दर्जनों गावों में हजारों ताड़ के पेड़ों से ताड़ी निकालने का काम किया जा रहा है। कच्ची शराब की तरह ही ताड़ी भी प्रतिबंधित मादक पदार्थ है। इसके बावजूद भी आबकारी विभाग के अफसरों की मिलीभगत से क्षेत्र के बबुरी जरारी, गिरवर खेड़ा, फरहदपुर, मोहान, रसूलपुर बकिया व ऊंचाद्वार गावों में बड़े पैमाने पर अवैध ताड़ी का कारोबार किया जा रहा है। जिम्मेदारों का हाथ होने से ताड़ी कारोबारी बेखौफ होकर यह अवैध काम कर रहे हैं।

सूत्र बताते हैं कि इसके साथ ही क्षेत्र के दयालपुर, गजफ्फरनगर, मोहान, शेखूपुर, गिरिवर खेड़ा, फरहदपुर व नई सरांय गावों में दर्जनों कच्ची शराब की भट्ठियां भी धधक रही हैं।

लोकसभा चुनाव

## डीईओ व स्वीप प्रभारी सीडीओ पहुंचे बीघापुर के रुझेई ग्राम पंचायत, जागरुकता रैली के साथ मतदाताओं को दिलाई गई वोट डालने की शपथ

# मतदाता जागरुकता को 400 गावों में चलाया स्वीप कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


रुझेई गांव में ग्रामीणों से बात करते डीईओ गौरांग राठी व स्वीप प्रभारी प्रेम प्रकाश मीना।

**अमृत विचार।** लोकसभा निर्वाचन-2024 में अधिक से अधिक मतदान कराने को जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी के निर्देशन पर रविवार को जिले की 400 सैकड़ा ग्राम पंचायतों में एक समय पर रैलियों सहित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। मुख्यालय से नामित नोडल अधिकारियों ने सुबह नौ बजे तय ग्राम पंचायत पहुंचकर स्वीप कार्यक्रम का नेतृत्व किया। कार्यक्रमों को उपयोगी बनाने के लिए सरकारी अमले के साथ जनसहभागिता पर जोर दिया गया।

तय कार्यक्रम के मुताबिक ग्राम पंचायतों के परिषदीय विद्यालयों में दिन चढ़ने के साथ ही स्वीप कार्यक्रम के तहत रैलियां आयोजित करने की गहमागहमी दिखने लगी। तहसील व ब्लाक बीघापुर की ग्राम पंचायत रूझेई स्थित प्राथमिक विद्यालय में स्वयं डीईओ व स्वीप प्रभारी सीडीओ प्रेम प्रकाश मीना सहभागिता करने पहुंचे। यहां डीईओ ने रैली को हरी झंडी दिखाकर गंतव्य के लिए रवाना किया। साथ ही ग्रामीणों को मताधिकार के इस्तेमाल की शपथ भी दिलाई। उन्होंने मौजूद छात्र-छात्राओं से परिवार व पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक बनाने का संदेश भी दिया। सभी स्थानों पर मतदाता आमंत्रण पत्र, मतदाता पर्चियां व मतदाता गाईडलाइन का वितरण भी कराया गया।

जिले के उच्चाधिकारियों से लेकर सभी ग्राम पंचायतों के नोडल व अन्य अधिकारियों ने लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही जागरूकता बढ़ाने के लिए रैली के अलावा नुक्कड नाटक आदि कार्यक्रम भी आयोजित हुए। जनसंवाद के दौरान अधिकारियों ने मतदाताओं से उत्साहपूर्वक लोकतंत्र के महापर्व में सहभागिता करने की अपील की। रुझेई में आयोजित कार्यक्रम में बीएसए संगीता सिंह, एसडीएम बीघापुर क्षितिज द्विवेदी, सीओ माया राय, बीडीओ मणिशंकर ग्राम प्रधान व अन्य ग्रामीण सहित विद्यालय स्टाफ व छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

### यह विभाग रहे शामिल

स्वीप कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अलावा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां, एएनएम, बीएलओ, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, आशा बहुएं व ग्राम पंचायत सचिव आदि भी शामिल रहे।

# मतदान बढ़ाने के लिए खूब बहा रहे पसीना

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदाता जागरूकता रैली में शामिल छात्र-छात्राओं में गजब का उत्साह दिखाई दिया। वह जहां प्ले बोर्ड में लिखे स्लोगन के जरिए लोगों को जागरूक बना रहे थे। वहीं पदयात्रा के दौरान नारे लगाकर भी लोगों को वोट जरूर डालने का संदेश दिया।

**हसनगंज संवाददाता** के अनुसार, मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नायब तहसीलदार पुष्पा यादव की अगुवाई रसूलपुर बकिया गांव में रैली निकाली गई। रैली में ग्राम प्रधान सहित शिक्षिका प्रतिभा, रेखा, प्रियंका, अर्पणा, नीलम, प्रेम शंकर व रंजना सिंह आदि शामिल थे। चकलवंशी संवाददाता के अनुसार, सफीपुर क्षेत्र के गांव मेथीटीकूर स्थित प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने एसडीएम के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाली।

इसी तरह कोरारी कलां में नोडल अधिकारी सबीहा के नेतृत्व में उच्च प्राथमिक विद्यालय से रैली निकाली गई। नवाबगंज संवाददाता के अनुसार, जैतीपुर स्थित प्ररिषदीय विद्यालय से रैली निकाल मतदाताओं को जागरूक किया गया। जीजीआईसी की प्रधानाचार्य माधुरीलता, ग्राम प्रधान उमेश रावत, मीनू तिवारी, संजोली पाठक, हैप्पी गौतम, सावित्री देवी, गुड़िया कुमारी, एआरपी सूर्य प्रकाश पांडेय, बालजी साहू व भोला आदि शामिल थे। फतेहपुर चौरासी संवाददाता के अनुसार, नोडल अधिकारी सौरभ सचान के नेतृत्व में प्राथमिक विद्यालय सूसूमऊ के बच्चों ने शिक्षक-शिक्षिकाओं की मौजूदगी में रैली निकालकर गांव का भ्रमण किया। रैली में शिक्षण स्टाफ ज्योति मिश्रा, शिवप्रताप सिंह, केशव द्विवेदी, तरुण मल्होत्रा, विजय प्रताप भी शामिल रहे।


रैली निकालते रसूलपुर बकिया के विद्यार्थी। अमृत विचार

### छात्र-छात्राओं ने दिया मतदान करने का संदेश

**बांगरमऊ।** ब्लॉक अंतर्गत गांव कुरसठ ग्रामीण के प्राथमिक विद्यालय में एसडीएम नम्रता सिंह, अतरधनी में खंड शिक्षाधिकारी देवेंद्र पटेल व शादीपुर के बेसिक विद्यालय में खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों, छात्र-छात्राओं व अभिभावकों ने जागरुकता रैली निकाली। गांव सुरसेनी, आसत मोहीउद्दीनपुर, भठियापुर, मुस्तफाबाद, हरियावर, माढ़ापुर व जिरिकपुर सहित तीन दर्जन प्राथमिक विद्यालयों में भी रैली निकालकर मतदान के लिये जागरूक किया।

# बुजुर्ग, दिव्यांग मतदाताओं के घर पहुंच कर डलवाए गए वोट

## मतदान पार्टियों को बैलेट पेपर सहित मतपेटी व अन्य अभिलेख देकर भेजा गया

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने रविवार से पोलिंग पार्टियां भेजकर 85 वर्ष की उम्र से अधिक के बुजुर्गों व दिव्यांगों का मतदान शुरू कराया। पोलिंग पार्टियों ने घरों में पहुंचकर मतदाता सूची के आधार पर मतदान कराया।

उल्लेखनीय है कि जिले मकूर व घोंघी सहित तमाम गांवों में बड़ी संख्या में दिव्यांग मतदाता हैं। इसके अलावा 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की काफी संख्या है। निर्वाचन आयोग ने संबंधित लोगों को होने वाली असुविधा के मद्देनजर उनके घरों में ही मताधिकार की सुविधा उपलब्ध कराना शुरू किया है। इसी क्रम में रविवार को पहले ही दिन मतदान पार्टियों को बैलेट पेपर सहित मतपेटी व अन्य अभिलेख उपलब्ध करा रवाना किया गया। कर्मचारियों ने मतदाताओं के घर पहुंचकर मतदान कराया। बुजुर्गों सहित दिव्यांग मतदाताओं ने सुविधा की सराहना की।


मताधिकार का प्रयोग करते हुए बुजुर्ग।


प्रशिक्षण में शामिल मतदान कार्मिक। अमृत विचार

## गैरहाजिर 31 कार्मिकों का रोका वेतन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए मतदान कार्मिकों को द्वितीय प्रशिक्षण कराया गया, जिसमें 1576 मतदान कार्मिकों को मतदान संपंन कराने को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में अनुपस्थित पाए गए कार्मिकों के विभागाध्यक्षों को एक दिन का वेतन काटने सहित अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

प्रशिक्षण में में शामिल पीठासीन सहित मतदान अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया सहित ईवीएम संचालन का ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के सहायक अभियंता जय सिंह व जिला प्रशिक्षण अधिकारी रामबहल नेएलईडी के माध्यम से प्रशिक्षित किया। इसके बाद अलग-अलग समूहों में 30 कक्षों में तैनात तीन-तीन मास्टर ट्रेनर्स ने ईवीएम संचालन का प्रायोगात्मक प्रशिक्षण दिया। साथ ही सभी को एमपीएस ऐप भी डाउनलोड कराया गया, जिसके माध्यम से प्रत्येक दो घंटे के अंतराल में मतदान संबंधी अपडेट सेक्टर मजिस्ट्रेट को देनी होगी। डीडीओ संजय कुमार पांडेय ने कार्मिकों को निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव कराने के निर्देश दिए। कहा कि प्रशासन और पुलिस ईमानदार निर्वाचन कराने को तत्पर है। इसलिए सभी को निर्भीकता के साथ दायित्व निर्वहन करना चाहिए। दोनो पालियों में अनुपस्थित रहे 31 कार्मिकों का एक दिन का वेतन रोकने सहित अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए।

## झांसी पैसेंजर कैंसिल यात्री हुए परेशान

**शुक्लागंज उन्नाव।** झांसी से लखनऊ जाने वाली झांसी पैसेंजर से लखनऊ और आस पास के स्टेशन जाने के लिये रविवार को यात्री गंगाघाट रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां ट्रेन निरस्त होने पर यात्री परेशान हो गये। तीन घंटे बाद आई मेमो से अपने गंतव्य के लिये रवाना हुये। उन्नाव, जैतीपुरवा, हरौनी, अजगैन, लखनऊ के अलावा आस पास स्टेशन जाने के लिये रविवार सुबह गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर यात्री पहुंचे और टिकट खरीदकर 09:35 बजे झांसी से लखनऊ जाने वाली झांसी पैसेंजर का इंतजार करने लगे। इसी दौरान स्टेशन से सूचना मिली कि किन्हीं कारणों के चलते झांसी पैसेंजर को निरस्त कर दिया गया। जिस पर कुछ यात्री सड़क मार्ग से अपने गंतव्य को रवाना हुये। वहीं कुछ यात्री तीन घंटे बाद एलकेएम से जाने के लिये स्टेशन पर इंतजार करते रहे।

# सीएम योगी आदित्यनाथ आज भगवंतनगर में भरेंगे हुंकार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ सोमवार को दिन में करीब 12 बजे चुनावी सभा को संबोधित करने भगवंतनगर कस्बा पहुंचेंगे। वह हटिया मेला मैदान में हेलीकाप्टर से उतरकर कार से जनसभा स्थल आरआरबीएन इंटर कालेज पहुंचेंगे।

लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन कराने के बाद किसी भाजपा स्टार प्रचारक की संसदीय क्षेत्र में होने वाली पहली चुनावी सभा है। राजनीतिक लिहाज से रायबरेली जिले की सीमावर्ती नगर पंचायत क्षेत्र को चुनावी लिहाज से कम मुफीद माना जा रहा है, क्योंकि विधानसभा क्षेत्र बांगरमऊ व हसनगंज ही नहीं सदर व सफीपुर के लोगों का पहुंचना मुश्किल होता है। हालांकि भाजपा नेताओं का कहना है कि योगी आदित्यनाथ की सभा को सुनने के लिए लोग परेशानी की परवाह नहीं करते हैं।


कार्यक्रम स्थल के निरीक्षण के दौरान निर्देश देते एसपी। अमृत विचार

### एसपी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

**उन्नाव।** सीएम योगी आदित्य नाथ की भगवंतनगर में चुनावी जनसभा को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर ली है। इसके लिए हेलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल तक कड़ा सुरक्षा घेरा रहेगा। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने प्रतावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर दिशानिर्देश देने के साथ गैर जनपद व जिले के राज पत्रित्र पुलिस अफसरों को ब्रीफ किया। सभी से अपने तैनाती प्वाइंट पर मुस्तैद रहने के साथ पार्किंग और सुरक्षा संबंधी निर्देश दिए। उनके साथ एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह भी मौजूद रहे।

## हाईवोल्टेज आने से कई घरों के फुंके उपकरण

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शनिवार रात राजधानी मार्ग स्थित सब्जी मंडी में न्यूटल का तार टूटने से क्षेत्र में हाई वोल्टेज आ गया। जिससे कई घरों के उपकरण फुंक गये। जिसकी जानकारी बिजली कर्मियों को दी गई। वहीं अन्य मोहल्लों में फाल्ट होने के कारण भी घंटों बिजली गुल रही।

रात लगभग 11 बजे राजधानी मार्ग स्थित सब्जीमंडी के पास न्यूटल का तार टूट गया। जिससे क्षेत्र में हाई वोल्टेज दौड़ गया। जिस कारण कई घरों में पंखा, इनवर्टर आदि इलेक्ट्रिानिक उपकरण फुंक गये। जिसकी जानकारी क्षेत्रीय लोगों ने बिजली विभाग को दी। विभाग ने आपूर्ति बंद की और मौके पर पहुंचकर मरम्मत का कार्य किया। इस दौरान दो घंटे बिजली गुल रही। वहीं कंचन नगर में पाल चौराहा के पास रात 12 बजे एलटी लाइन टूटने से आधा सैकड़ा घरों की बिजली डेढ़ बजे तक गुल रही। वहीं रविवार को अहमद नगर में दोपहर में दो घंटे तक बिजली गुल रही।

## 'मजबूर इरादे के साथ मतदान करें'

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** संसदीय क्षेत्र की कलम, कमंडल और तलवार की धनी धरती को पीएम ने तमाम योजनाओं से विकसित बनाया है। वह दिन-रात अथक परिश्रम से लोगों के जीवन को समृद्धिशाली बना रहे हैं। इसलिए 13 मई को होने वाले मतदान में श्रद्धेय मतदाता भाजपा को एक बार फिर सत्ता सौंपने के मजबूर इरादे के साथ मतदान करेंगे।

यह बात रविवार शहर व आसपास स्थित गदन खेड़ा बाईपास, पार्क व्यू पैलेस, बड़ा चौराहा, सिविल लाइंस, कब्बा खेड़ा तिराहा, लोकनगर, बंधूहार, गायत्री मंदिर, शेखपुर व माडल विहार आदि स्थानों पर चुनावी बैठकों में भाजपा प्रत्याशी निवर्तमान सांसद डा. साक्षी महाराज ने कही। दावा किया कि पीएम पिछले 10 वर्षों से लगातार इतिहास रचते आ रहे हैं। इसलिए तीसरी बार पूर्ण बहुमत वाली गैर कांग्रेस सरकार भी गठित होकर रहेगी। पिछले 65 वर्षों की तुलना में बीते 10 साल में अधिक विकास व जनकल्याण के कार्य हुए हैं। इसीलिए देश के दुश्मन नहीं चाहते कि मोदी फिर पीएम की कुर्सी संभालें, लेकिन देश की 140 करोड़ जनता उन्हें सत्ता में बैठा देखना चाहती है। जनसंपर्क के दौरान बैठकों के इस अभियान के दौरान सदर विधायक पंकज गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आनंद अवस्थी, ब्लाक प्रमुख नीरज गुप्ता, अवनीश, अनुराग अवस्थी, श्रीकृष्ण वर्मा, मनोज निगम, संदीप निगम, अखिलेश अवस्थी, ब्रजेश पांडेय, कमलेश शुक्ला, राम तनेजा, अमित निगम, आदित्य वाजपेयी रहे।


जनसंपर्क में भाजपा प्रत्याशी का स्वागत किया। अमृत विचार

● **शहरी जनसंपर्क के दौरान जगह-जगह बैठकों को किया संबोधित**

## उड़नदस्ते ने चौराहों और मार्गों पर की वाहन चेकिंग

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर रविवार को उड़नदस्ता की टीम ने नगर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर दोपहिया, चौपहिया के अलावा अन्य वाहनों को रोक कर चेकिंग की। जहां कुछ वाहनों में राजनैतिक झंडे लगे होने पर चालकों को फटकार लगाते हुये उन्हें उतरवाया।

आगामी लोक सभा चुनाव को देखते हुये रविवार को उड़नदस्ता के मजिस्ट्रेट सूर्य प्रकाश शुक्ला नगर पहुंचे। जहां उनके नेतृत्व में टीम ने नवीन पुल मोड़ पर चेकिंग अभियान चलाया। जहां कानपुर से आने जाने वाले वाहनों को रोककर चेकिंग की गई। इस दौरान कुछ वाहनों में राजनैतिक स्टीकर उतरवा दिया। उन्होंने बताया कि बताया कि नवीनपुल, मरहला चौराहा, बैराज मार्ग, आजाद मार्ग में वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान किसी भी वाहन में पचास हजार से अधिक की धनराशि नहीं मिली।


मरहला चौराहे पर वाहन की चेकिंग करती टीम। अमृत विचार

## 'सजग व सतर्क होकर वोट देना चाहिए'

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** भाजपा संविधान में बदलाव कर आरक्षण प्राप्त लोगों के हक छीनना चाहती है। इसलिए सभी को एकजुट होकर सत्तारूढ़ दल को सरकार बनाने से रोकना होगा। भाजपा पर हमला करते हुए यह बात रविवार को बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के पौत्र आनंद राज आंबेडकर ने इब्राहिमाबाद, चंदेसुआ व फतेहपुर चौरासी के झूलूमऊ गांव में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अन्नू टंडन के समर्थन में आयोजित सभाओं में कही।

उन्होंने कहा कि दलित समाज को देश के आजाद होने से पहले की स्थिति में भावी पीढ़ी को पहुंचने से रोकने के लिए सजग व सतर्क होकर वोट देना चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार पर सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठान पूंजीपतियों को सौंपने का आरोप भी लगाया। इलैक्ट्रोरल बांड को दुनिया का सबसे बड़ा भ्रष्टचार बताया। गठबंधन प्रत्याशी पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने दावा किया कि मोहान-अजगैन मार्ग पर पिछले तीन वर्षों में 27 लोगों की मौत हो चुकी हैं। इसके बाद भी जनप्रतिनिधियों ने इस सड़क का निर्माण कराना जरूरी नहीं समझा। सपा नेत्री डा. आंचल वर्मा ने भी सपा को जिताने की अपील की। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव, पूर्व विधायक सुंदरलाल लोधी, राम कुमार, उदयराज यादव के अलावा विद्या गौतम, नीलम गौतम, गोविंद गौतम, अयोध्या भारती, संतपाल रावत, रामनारायण रावत, जितेंद्र रावत, हेमंत पाल, पप्पू सिंह, चंद्रमोहन पासी, चंद्रकिशोर पासी, रामकरन गौतम, हरदयाल गौतम, अशोक सिंह गुड्डु, चंद्रपाल पासी, संतराम, अनवर सिद्दीकी, इमरान व कामता कुरील आदि भी काफिले में शामिल रहे।


जनसभा को संबोधित करते आनंद राज आंबेडकर। अमृत विचार

● **गठबंधन प्रत्याशी अन्नू टंडन के समर्थन में की गई सभा**

## पदाधिकारियों ने पर्यावरण को लेकर बैठक में की चर्चा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मौलिक अधिकार एसोशिएसन के तत्वावधान में रविवार को ऋषि आश्रम में एक अैठक आयोजित की गई। जहां पर्यावरण को लेकर पदाधिकारियों ने चर्चा की। इसके साथ ही संस्थापक की पुण्यतिथि मनाने को लेकर अभी से तैयारियां शुरू करने की बात कही गई।

ऋषि आश्रत में हुई मौलिक अधिकार एसोशिएसन के दौरान विनय तिवारी ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि पर्यावरण दिवस को लेकर अभी से ही लोगों को जागरूक करे। इसके साथ ही अधिक से अधिक पौधरोपण करें। जिससे पर्यावरण का संतुलन बना रहे है। वहीं लगाये गये पौधों को संरक्षित रखने के लिये भी लोगों को संकल्प दिलाये। देवेन्द्र मिश्रा ने कहा कि संस्थापक की पुण्यतिथि बडे.स्तर पर मनाई जानी है। जिसको लेकर अभी से तैयारियां शुरू कर दे। इसके साथ ही संगठन को मजबूत बनाने के लिये अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की बात कही गई। गणेश शंकर मिश्रा, दीपू पंडित, रणविजय सिंह, विनय तिवारी, मनीष शुक्ला, सुभाष, कमल गुप्ता, मन्नी लाल राठौर, प्रतीक अवस्थी, प्रवीन शर्मा के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बेजुबानों की प्यास बुझाने को रखी नांद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** अभ्युदय सेवा संस्थान ने गर्मियों में पिछले कुछ सालों की तरह इस बार भी बेजुबान पशुओं को पीने का पानी मुहैया कराने का बीड़ा उठा रखा है। संस्थान के अध्यक्ष ने कहा लोग तो किसी न किसी तरह प्यास बुझा लेते हैं, लेकिन पशुओं को खासी दिक्कत होती है। इसीलिए नांद रखवाकर जनसहयोग से पशुओं को हलक तर करने की सहुलियत दिलाई जा रही है।

संस्था के संरक्षक अखिलेश ओमर ने बताया कि शहर व आसपास क्षेत्र में नांद रखवाई जा रही हैं। इससे पहले लोगों को नांद को साफ रखकर पानी भरने के लिए तैयार किया जाता है। संरक्षक आलोक शुक्ल ने बताया रविवार को कब्बा खेड़ा, लोधनहार, कल्याणी, मोती नगर, आवास विकास, कृष्णा नगर, पीतांबर नगर, गांधी नगर, कलेक्टरगंज, इंदिरानगर, सिविल लाइंस व लोक नगर आदि मोहल्लों में नांद रखवाई गई हैं। संरक्षक व हनुमंत जीव आश्रय के संचालक अखिलेश अवस्थी ने आग्रह पर सभी लोगों को घरों के बाहर पानी से भरकर रखने को नांद उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इस अभियान में संस्था के सदस्य महेंद्र सिंह, ओपी तिवारी, दिव्यांश श्रीवास्तव, नीरज सिंह, अनिरुद्ध पांडेय व महेश तिवारी आदि भी शामिल रहे।


नांद रखवाकर पानी भरते संस्थान के पदाधिकारी। अमृत विचार

## स्वास्थ्य मेले में पहुंचे 49 मरीज, दी दवाइयां

**शुक्लागंज।** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुक्लागंज में जन आरोग्य मेला आयोजित हुआ। जहां नगर व आसपास से मरीज मेले में पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा डा. रश्मि वर्मा ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। प्रभारी ने बताया कि पीएचसी में 49 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई।

## फांसी के फंदे पर लटका मिला किसान का शव

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के हाजीपुर चौकी के बेनीपुरवा गांव निवासी एक किसान का शव रविवार शाम ग्रामीणों ने खेत में लगे पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका देखा। जिसकी जानकारी गंगघाट कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर विधिक कार्यवाही की है।

बेनीपुरवा गांव निवासी मेदे (49) खेती करता था। रविवार शाम करीब चार बजे ग्रामीणों ने उसका शव खेत में खड़े पेड़ में फांसी के फंदे पर लटका देखा। जिसकी जानकारी मृतक की पत्नी सरला को दी गई। वहीं फांसी की सूचना पर आस पास के ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। फांसी की सूचना हाजीपुर चौकी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को फंदे से नीचे उतरवाया। जिसके बाद पुलिस ने विधिक कार्यवाही की है। इस बावत चौकी इंचार्ज जी पी रमन ने बताया कि परिजन फांसी का कारण नहीं बता सके हैं। पूछताछ की जा रही है। इसके साथ ही विधिक कार्यवाही की जा रही है। वहीं मेदे की मौत पर पत्नी सरला, बेटी रीना और दो बेटे विशाल, विशंभर का रो रो कर बुरा हाल हो गया। मृतक का बड़ा बेटा विश्वंभर मुंबई में नौकरी करता है।

**मुसीबत** जहरीले धुंए और धूल के गुबार से आस पास के लोग हो रहे दमा के मरीज

# पीडब्ल्यूडी के मिक्सर प्लांट से जहरीला धुआं

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मरहला चौराहे के पास लोक निर्माण विभाग ने मिक्सर प्लांट बना रखा है। उसी प्लांट में गिट्टी, डामर को मिक्स किया जाता है। जिससे गिट्टी डालने के दौरान उसकी चिमनी से निकलने वाले धुंए और धूल से आस पास की आबोहवा दूषित हो गई। यहां के लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके साथ ही आसपास के लोग दमा के मरीज बन रहे हैं।

लोक निर्माण विभाग ने आस पास डामरीकरण, पैच वर्क और सड़क बनाने के लिये मरहला चौराहे के पास मिक्सर प्लांट लगाया है। प्लांट में डामर गर्म किया जाता है। मानकविहीन भट्ठी प्लांट में बनी हुई है। जिसमें डामर पिघलाने के दौरान उससे निकलने वाले धुंए से आस पास जहरीला धुंआ फैल रहा है। वहीं गिट्टी की मिक्सिंग होने के कारण गिट्टियों से निकलने वाली धूल से आर्य नगर, मरहला चौराहा, विष्णुपुरी, आजाद नगर, नई बस्ती, शारदा नगर आदि कई मोहल्लों के लोग परेशान हैं। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि प्लांट में लगी चिमनी से धुंए ऊपर नहीं जाता है और क्षेत्र में फैल रहा है।

जिससे हम लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके साथ ही गिट्टी तुड़ाई होने से उससे उठने वाली धूल गरदा से सांस लेने में दिक्कत हो रही है। वहीं प्लांट चालू होने के दौरान आजाद मार्ग, बैराज मार्ग और फोरलेन से आने जाने वाले वाहन सवार भी परेशान हो जाते हैं। कई बार लोग मरहला चौराहे के पास से मॉस्क लगाकर निकलते देखे जा सकते हैं।


मरहला चौराहा स्थित पीडब्ल्यूडी के प्लांट से निकलता धुआं। अमृत विचार

## तमंचा-कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

**शुक्लागंज उन्नाव।** एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने गायत्री नगर भातू फार्म के पास से एक युवक को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है।

कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि दरोगा जन्मेदय सिंह हमराहियों के साथ रविवार को गायत्री नगर भातू फार्म में गश्त कर रहे थे। तभी उन्होंने गायत्री नगर भातू फार्म निवासी आशू शुक्ला को रोका और तलाशी ली। इसमें पुलिस को उसके पास एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। जिस पर पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया।

## राशन कलेक्शन सेंटर किया गया शुरू

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी अमरनाथ में 27वें विशाल भंडारे के लिये रविवार को अमरनाथ सेवा मंडल के तत्वावधान में धूमधाम से राशन कलेक्शन सेंटर का उद्घाटन किया। जहां आचार्यों ने पूजा अर्चना कराई। जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया।

रविवार को राजधानी मार्ग स्थित पाल मार्केट में विधि विधान से हवन पूजन के साथ कलेक्शन सेंटर का शुभारंभ हुआ। अमरनाथ सेवा मंडल के व्यवस्थापक नितिन शर्मा ने बताया कि कि बाबा अमरनाथ की पवित्र यात्रा इस वर्ष 29 जून से 29 अगस्त तक होनी है। जिसमें जाने वाले श्रद्धालुओं के भोजन व रहने की प्रत्येक व्यवस्था अमरनाथ सेवा मंडलों द्वारा की जाती है। मंडल का भंडारा पवित्र गुफा, शेषनाग, बुराड़ी टॉप, पंचतरणी, बालटाल, यात्री निवास जम्मू में कराया जाता है। राशन सामग्री 1 जून को शुक्लागंज से बाबा अमरनाथ धाम के लिये प्रस्थान करेगी। जहां भंडारे में दाल, आटा, चावल, बेसन, शक्कर, चाय की पत्ती, घी, मिनरल वॉटर, दालमोठ, दवाइयां के अलावा अन्य खाने पीने की सामग्री श्रद्धालु दे सकते हैं।


अमरनाथ भंडारे के लिये कलेक्शन सेंटर में होता हवन। अमृत विचार

## एक नजर

### डीजीपीएस से भूमि विवादों में मिलेगी सहायता : पी. गुरु

**हरदोई, अमृत विचार।** प्रमुख सचिव राजस्व पी गुरुप्रसाद ने खेतुई ग्राम में डीजीपीएस सर्वे के प्रदर्शन को देखा। कहा कि इस तकनीक से लोकेशन की सटीकता में वृद्धि होगी। इसकी सहायता से भविष्य में भूमि सम्बन्धी विवादों में कमी आएगी। इसकी सहायता से भूमि के त्रिआयामी आंकड़े उपलब्ध हो सकेंगे। इस अवसर पर जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, आईएएस टीके शिबू, उपनिदेशक केटीएस विजय सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### घर से नकदी व जेवरात चोरी पुलिस को दी तहरीर

**हरदोई, अमृत विचार।** बहू को घर में छोड़ कर बाकी घरवाले शादी में गए हुए थे,उसी बीच वहां चोरी हो गई। वापस लौटने पर जब जानकारी हुई तो परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। सुरसा थाने के ज्योरा गांव निवासी जागेश्वर 24 अप्रैल को घर वालों के साथ शादी में शामिल होने गया था। घर में बहू गुड्डी पत्नी राहुल थी। 27 अप्रैल को सभी वापस लौट आए। दो-तीन दिन बाद उसे पैसों की ज़रूरत हुई तो बक्सा खोला। उसमें रखे 30 हज़ार रुपये के अलावा सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। मामले की जांच एसआई धीरेन्द्र कुमार यादव को सौंपी गई है। पुलिस ने शिवम नाम के युवक को 48 घंटे पूर्व हिरासत में लिया था, लेकिन अभी तक उससे कोई सुराग हाथ नहीं लगा।

# पहले आतंकवादियों के भी वापस हो जाते थे मुकदमे : योगी

## मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी के लिए की चुनावी जनसभा, कांग्रेस, सपा व बसपा पर साधा निशाना

मल्लावां, हरदोई,



मल्लावां में जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व मौजूद लोग। अमृत विचार



**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुनावी जनसभा में कांग्रेस, सपा और बसपा पार्टियों पर जमकर निशाना साधा। 2014 के पहले की सरकारों में लोग भूख से मरते थे. मोदी सरकार 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन दे रही है। मंदिरों में आतंकवादी हमला करने वालों के मुकदमे वापस लिए जाते थे, जिन्हें बाद में पद्मभूषण से सम्मानित किया जाता था।

कस्बे के जूनियर हाईस्कूल मैदान में मुख्यमंत्री मंत्री योगी आदित्य नाथ ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी जन सभा को सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने कहा मोदी सरकार ने देश का सम्मान बढ़ाया और आतंकवादियों से देश की सीमाओं को सुरक्षित किया है। आज हर क्षेत्र में विकास हो रहा है चाहे जो भी क्षेत्र हो, 1947 के बाद से इन 10 वर्षों में हाइवे, एयरपोर्ट दो गुना बने है पहले एमएस 7 थे, जिसमें एक कांग्रेस और 6 अटल जी सरकार में बने थे। मोदी सरकार में 10 वर्ष में 15 एमएस बनकर तैयार हुए है। 1947 में भारत से टूटकर पाकिस्तान बना था जहां 23 से 24 करोड़ लोगों को दो जून की रोटी तक नसीब नहीं हो रही है ज़बकि भारत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन दे रहा है ये भारत की प्रगति है। 60 करोड़ लोगों को 5 लाख तक का मुफ्त में स्वास्थ्य कवच दिया गया।

हरदोई और सीतापुर को सबसे ज्यादा शौचालय और आवास दिए गए, 4 करोड़ गरीबों को पक्के आवास दिए जा चुके है जो छूटे है। उन्हें सरकार बनने के बाद आवास और गैस कनेक्शन दिया जाएगा। जरा याद करिए कांग्रेस, सपा और बसपा सरकार में लोग भूख से मरते थे और ठण्ड में ठिठुरते थे। याद करिए समाजवादी सरकार में कहते थे कि अयोध्या में कोई परिंदा भी पर नहीं मार सकता है। अब वहां भव्य राम मंदिर बनकर तैयार है। मोदी सरकार में गरीबों का कल्याण भी है और आस्था का सम्मान भी है। जरा याद करिए समाजवादी सरकार में अयोध्या और काशी के संकट मोचन मंदिर, लखनऊ कचहरी में आतंकी हमला होता था। जन सभा में महिलाओं की अच्छी खासी भीड़ उमड़ी जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ को महिलाओं ने सुनने आई थी, महिलाओं की ओर ज़ब मुख्यमंत्री ने देखा तो उन्होंने 3 करोड़ महिलाओं को लखपती दी बनाने की घोषणा की तो महिलाओं ने योगी-मोदी के जयकारे लगाती दिखी।

**मतदान करने के लिए भी किया जागरूक**

जनसभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ अपने भाषण के अंत में जन सभा में आए कार्यकर्ताओं को चतुर्थ चरण को लेकर जागरूक कर अपने आस पास के लोगों से मतदान कराने की अपील की, ताकि मतदान शत प्रतिशत हो सके। विधायक आशीष सिंह आशू ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल,उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, विधायक अलका अर्कवंशी,रामपाल वर्मा प्रभास कुमार, मानवेंद्र प्रताप सिंह, एमएलसी अशोक अग्रवाल, मिश्रिख लोकसभा प्रभारी अशोक सिंह, विधानसभा प्रभारी संजय सिंह गुड्डू, ब्लॉक प्रमुख गीता वर्मा, नवल महेश्वरी, नीरज विद्यार्थी सहित तमाम लोग रहे।

### आज शाहाबाद में जनसभा को संबोधित करेंगे योगी

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 31-हरदोई सुरक्षित लोकसभा की शाहाबाद विधानसभा में हिंदुत्व को धार देने के लिए आज पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री 12 बजे नवीन मंडी स्थल में हेलीकॉप्टर से लैंड करेंगे और कार द्वारा अंबेडकर पार्क पहुंचेंगे। जहां पर वह भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में विशाल चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री की जनसभा में प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी का अहम रोल है। यहां से भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश रावत को जिताने की जिम्मेदारी उच्च शिक्षा राज्य मंत्री पर है। सांसद एवं प्रत्याशी जयप्रकाश रावत पूरे 5 साल तक क्षेत्र से लगातार गायब रहे। विकास कार्यों के नाम पर भी उनके खाते में शायद जीरो होगा। जबकि उच्च शिक्षा राज्य मंत्री ने क्षेत्र में काफी कार्य किए हैं। ऐसे में उनकी सक्रिय से ही भाजपा प्रत्याशी की नैया पार लग सकती है। आरोप है कि सांसद ने 5 साल तक कार्यकर्ताओं को भी उपेक्षित रखा।



मंच का निरीक्षण कर नीचे उतरतीं उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी।

### मंच का लिया जायजा

**शाहाबाद।** सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शाहाबाद आगमन को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। रविवार को उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी और सांसद एवं प्रत्याशी जयप्रकाश रावत ने जनसभा स्थल पर पहुंचकर मंच और जनसभा स्थल का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वरिष्ठ भाजपा नेता अमित कुमार मिश्रा एडवोकेट ने बताया। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जनसभा में अनुमानित 20 हजार लोगों के आने की संभावना है।

# एनसीसी और स्कॉउट गाइड करेंगे जागरूक

हरदोई



मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में एनसीसी व स्काउट गाइड के साथ डीएम मंगला प्रसाद सिंह व सीडीओ सौम्या गुरुनानी।

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन की स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत रविवार को सीएसएन पीजी कॉलेज में एनसीसी, स्काउट गाइड एवं कॉलेज एम्बेस्डर के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने प्रथम बार मतदाता बने युवाओं को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। एक बच्ची अंशिका अस्थाना ने मतदाता जागरूकता गीत सुनाकर सभी का ध्यान आकृष्ट किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि मतदाता जागरूकता के साथ ही एनसीसी व स्काउट गाइड के बच्चों को बूथ पर मतदाताओं की सहायता करना है। प्रत्येक विधानसभा में महिलाओं को समर्पित 2 बूथ बनाये गए हैं। दिव्यांग बूथ भी बनाये गए हैं। इसके अतिरिक्त प्रत्येक बूथ को आदर्श बूथ बनाया गया है। चुनाव के दौरान पूरी व्यवस्था को निर्वाचन आयोग द्वारा हाईटेक बनाया गया है। जनपद में मतदान प्रतिशत पूर्व में अच्छा नहीं रहा है। हमें स्वयं जागने के साथ अन्य लोगों को भी जगाना है। सभी लोग जागरूक नागरिक के रूप में लोकतंत्र के पर्व को सफल बनायें। मतदाताओं को बार बार 13 मई दिन सोमवार की याद दिलानी है। जिलाधिकारी ने बच्चों से मतदाता जागरूकता से सम्बंधित विभिन्न बिन्दुओं पर संवाद किया। प्रतिभागियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने कहा कि हम सबको मिलकर जनपद को अग्रणी मतदान प्रतिशत वाले जिलों में शामिल कराना है। उन्होंने वोटर हेल्पलाइन ऐप के बारे में बताते हुए कहा कि इसकी सहायता हम अपने बूथ के बारे में जान सकते हैं। स्काउट गाइड के बच्चे लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

उपनिदेशक कृषि डॉ नन्दकिशोर ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी को मतदान के लिए प्रेरित करें। परिवार, गांव व मोहल्ले का कोई मतदाता मतदान सी छूट न जाये। भारत स्काउट गाइड के अध्यक्ष अभय शंकर गौड़ ने कहा कि एक एक वोट से जनपद व देश मजबूत होगा। मोबाइल कॉल के माध्यम से भी रिश्तेदारों को मतदान के लिए प्रेरित करें। सीएसएन के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ संदीप सिन्हा ने कहा कि मतदान हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक बाल मुकुंद प्रसाद, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व जिला स्काउट मास्टर पंकज वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### अमित शाह व मायावती की जनसभाएं 8 को

**हरदोई, अमृत विचार।** जिले में 13 मई को मतदान होना है। मतदान के अंतिम दौर में सभी दल पूरी ताकत झोंके हुए हैं। स्थानीय नेताओं से जनता की बेरुखी देख बड़े नेताओं में खलबली मची हुई है। इसी का परिणाम है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार दो दिन जिले में जनसभाएं कर रहे हैं। उनके बाद अब 8 मई को जिला मुख्यालय पर गृह मंत्री अमित शाह आने वाले हैं। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती माधौगंज में 8 मई को जनसभा करेंगी। जिले में चुनाव के अब पांच दिन शेष बचे हैं। स्थानीय नेता बैठकें व जनसंपर्क लगातार कर रहे हैं, लेकिन अब उन्हें बाहरी बड़े नेताओं का भी सहारा लेना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय स्थित सीएसएन कालेज के मैदान पर गृहमंत्री अमित शाह के आने की तैयारियां चल रही है। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती बसपा प्रत्याशी को जिताने की अपील करने के लिए माधौगंज में जनसभा करेंगी। इससे पहले उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व केशव मौर्य भी भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाएं कर चुके हैं। चुनाव के अंतिम दौर में प्रत्याशी किसी भी प्रकार की कोताही नहीं कर रहे हैं। महीनों से जनसंपर्क चल रहा है। स्थानीय नेता घर-घर वोटर की कुंडी खटका चुके हैं।

# ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बदहाल

हरदोई,

**अमृत विचार।** एक और जहां गर्मी बढ़ रही है वहीं दूसरी ओर बिजली लोगों को रुला रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की दशा अभी से खराब होने लगी है ।गांव में बिजली आने का कोई समय नहीं है। अधिकांश समय लोकल फाल्ट के चलते खराबी बनी ही रहती है। चुनाव में जहां तमाम नेता लंबे चौड़े वादे कर रहे हैं। वहीं बिजली समस्या को दुरुस्त करने की कोई भी जरूरत नहीं समझता है।

इन दिनों जिले का तापमान 40 के आसपास पहुंच रहा है। बढ़ रही गर्मी में बिजली की मांग भी बढ़ गई है, लेकिन बिजली की मांग बढ़ने के साथ ही विद्युत आपूर्ति की समस्या लोगों के सामने बढ़ती जा रही है। गांवों में बिजली नाम मात्र की पहुंच रही है। वह भी उसके आने और जाने का कोई समय निश्चित नहीं है ।इन दिनों तेज हवाओं के चलते अक्सर विद्युत तार आपस में लड़ जाने के कारण फीडर बंद हो जाते हैं। यह फीडर घंटों बंद पड़े रहते हैं, लेकिन इनकी कोई सुधि लेने वाला नहीं है। सरकार करोड़ों रुपए प्रतिवर्ष विद्युत आपूर्ति की बेहतर व्यवस्था में लग रही है। इसके परिणाम उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रहे हैं। अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में इतनी विद्युत नहीं आती है कि लोगों के इनवर्टर तक चार्ज हो सके। गर्मी के मौसम में तेज हवाएं आंधी चलने से अक्सर विद्युत तार वह खंबे टूट जाते हैं जो महीना पड़े रहते हैं। सरकार ने बेहतर विद्युत व्यवस्था के लिए तमाम प्रयास किए हैं, लेकिन जनता को इनका लाभ नहीं मिल पा रहा है। चुनाव में तमाम प्रत्याशी अनेकों प्रकार की घोषणाएं कर रहे हैं ।अभी भी जिले में बिजली व्यवस्था सुधारने को लेकर किसी जनप्रतिनिधि द्वारा कोई ठोस कदम उठाए नहीं गए हैं, हालांकि जनप्रतिनिधि अपनी निधियों का तमाम पैसा विद्युत व्यवस्थाओं के सुधार में खर्च कर रहे हैं।



इस पैसे का उपयोग होने के बाद जनता को कितनी सुविधा मिल रही है। इसको देखने वाला कोई नहीं है नतीजतन जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की स्थिति बहुत ही दयनीय है। यही नहीं शहरों में भी खपत बढ़ने के साथ घंटे विद्युत अपुर बाधित हो जाती है ।खास बात यह है कि कोई भी जिम्मेदार अधिकारी यह भी बताने को तैयार नहीं होता है कि बिजली किस समय आएगी फिलहाल गर्मी के साथ ही विद्युत समस्या भी दिनों दिन बढ़ती जा रही है।

**प्रशिक्षण को अच्छी तरह से प्राप्त करें मतदान कार्मिक**

**हरदोई, अमृत विचार।** रसखान प्रेक्षागृह में रविवार को दो पालियों में माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण हुआ। प्रथम पाली में हरदोई लोकसभा व द्वितीय पाली में मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र के माईक्रोऑब्जर्वरों का प्रशिक्षण हुआ। प्रथम पाली प्रशिक्षण में जनरल ऑब्जर्वर हरदोई लोकसभा एम सुन्दरेश बाबू ने कहा कि माइक्रोऑब्जर्वर अपने व्यवहार में निष्पक्षता बनाये रखें। अपनी भूमिका को सभी लोग पूरी तरह से समझ लें। यह देखें कि मतदान केंद्र ओर चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन हो रहा हो। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने ऑब्जर्वरों से कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन किया जाये। अपने मतदान केंद्र के बारे में पूरी जानकारी रखें। वेबकॉस्टिंग व वीडियोग्राफ़ी वाले बूथों की पूरी जानकारी रखें। सुबह 5 :30 तक मॉक पोल प्रारम्भ हो जायेगा। समय से अपने मतदान केंद्र पर पहुंचें। अपने जनरल ऑब्जर्वर से लगातार संपर्क में रहें। जनरल ऑब्जर्वर मिश्रिख टीवाई भट्ट ने कहा कि सभी माईक्रो ऑब्जर्वर चुनाव आयोग के आंख और कान की तरह कार्य करें।



### 65 जरूरतमंदों को वितरित किए गए वस्त्र

**हरदोई, अमृत विचार।** नारायण सेवा समूह की ओर से 65 जरूरतमंद महिलाओं-पुरुषों साधुओं को विभिन्न क्षेत्रों से चयनित करके उनको वस्त्र वितरित किये गये। डॉ जय राम गुप्ता सुमेर सिंह व प्रियम मिश्रा ने बताया कि विभिन्न गांवों से चयनित जरूरतमंद लोगों को वस्त्र वितरित किये गए। नारायण सेवा समूह अपने साथियों की मदद से भंडारे और वस्त्र वितरण के कार्यक्रम करते रहेंगे। इस दौरान नरेश कुमार, रामस्नेही द्विवेदी, मनमोहन सिंह, जय शंकर मिश्रा, डॉ सुधीर चौहान, प्रभुदयाल गुप्ता, अरुण सिंह, नितिन मिश्रा, रमेश गुप्ता, प्रभुदयाल गुप्ता, तारकनाथ शर्मा, चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी, संदीप अग्रवाल, संजय मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# दान के बाद धोखाधड़ी कर बेच दी जमीन

हरदोई



**कार्रवाई**

▸▸ कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पांच के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

**अमृत विचार।** धोखाधड़ी करने वाले कब क्या कर जाए,कुछ कहा नहीं जा सकता। पहले तो ज़मीन दान की और उसके बाद धोखाधड़ी कर उसी ज़मीन का कर दिया। बात पता चली तो धोखाधड़ी का शिकार हुए लोगों ने अपनी बात रखी तो ऐसा करने वालों ने मारपीट की नौबत बुला ली। जब पुलिस से कोई बात नहीं बनी तो मामला कोर्ट पहुंचा। उसके बाद ही एक्शन में आई बघौली पुलिस ने धोखाधड़ी करने वाले पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी जांच शुरु कर दी।

कछौना कोतवाली के कस्बा बालामऊ की विमला पत्नी रामसेवक ने कोर्ट में दी अर्ज़ी में कहा कि बघौली थाने के पनुआ मजरा बर्रा धूमन निवासी जयपाल पुत्र सीताराम ने भूमि नंबर 585/1.3290 हेक्टेयर भाग संख्या 0.6645 हेक्टेयर में अपने हिस्से की भूमि संख्या 0.6645 को अपनी पुत्री 3 साल की देवकी और पांच महीने की जशोदा के संरक्षक सगे चाचा जगतपाल पुत्र सीताराम के हक में दान कर दी थी।

उसके बाद जयपाल ने दान की गई ज़मीन की संख्या 522 कन्नौज ज़िले के करनपुर निवासी देवेन्द्र सिंह पुत्र ऊदन सिंह के हाथ बेंच ली। विमला ने कोर्ट को बताया कि इस तरह जयपाल और जगतपाल के अलावा मुन्ने यादव पुत्र शिवकुमार निवासी महेशन मढ़िया कोतवाली कछौना व कछौना कोतवाली के ही बालामऊ कस्बे के नेवादा निवासी सुन्दरलाल पुत्र ब्रजमोहन व लालबहादुर पुत्र मंगूलाल ने जानबूझकर धोखाधड़ी की,इतना ही नहीं उन लोगों ने ऐसा करने के बारे में पूछने पर मारपीट की। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए बघौली पुलिस को केस दर्ज करने के आदेश दिए, जिस पर जयपाल, जगतपाल, मुन्ने यादव,सुन्दर लाल और लाल बहादुर के खिलाफ केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप



अग्निपीड़ितों को सहायता देते नेकी की दीवार टीम के सदस्य। अमृत विचार

### अग्नि पीड़ितों को पहुंचाई सहायता

**हरदोई, अमृत विचार।** नेकी की दीवार संस्थान ने अग्निपीड़ितों के घर जाकर रोजमर्रा की सामग्री व आर्थिक सहायता प्रदान की। टीम रविवार को शाहाबाद ब्लॉक स्थित नगरा गांव में अग्नि पीड़ित उर्मिला एवं जशोदा देवी के परिवार के लिए सहायता सामग्री लेकर पहुंची। बताते चलें कि 27 अप्रैल को आग लगने से इनके घर में सब कुछ जल कर राख हो गया था। टीम ने सामग्री मे राशन ( आटा, चावल,दाल, चीनी,तेल) बच्चों के कपड़े, महिलाओं के लिए साड़ी और रोजमर्रा की सारी वस्तुओं के साथ प्रति परिवार 11000 रुपये की आर्थिक सहायता दी। इस अवसर पर नेकी की दीवार परिवार से अनिल दीक्षित, विद्यानिधि मिश्र, सोनू त्रिवेदी, शैलेन्द्र झा आदि मौजूद रहे।

### प्रतिभाग करने वाले बच्चों को किया गया पुरस्कृत

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र एक प्राइवेट जूनियर हाईस्कूल में हुई सुलेख प्रतियोगिता का रविवार को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। जूनियर हाई स्कूल में सुलेख प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह मुख्य अतिथि वारिस अली खां की उपस्तिथि में संपन्न हुआ। बच्चों की संबोधित करते हुआ मुख्य अतिथि वारिस अली खां ने कहा अच्छी शिक्षा से ही बेहतर भविष्य का निर्माण होता है। शिक्षित छात्राओं से दो घरों में शिक्षा की रोशनी का प्रकाश फैलता है। सभी बच्चों को मन लगाकर शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए ।आप सब उच्च शिक्षा प्राप्त कर समाज में अपने स्कूल और अभिवावकों का नाम रोशन करें। विद्यालय के प्रधानाचार्य आसिफ खां ने कहा शिक्षा के साथ सुलेख का उन्नति में बहुत योगदान होता है। अच्छी राइटिंग से लिखा हुआ शब्द सामने वाले के जेहन में आपके व्यक्तित्व का स्थान बना लेता है, इसलिए सभी बच्चों को हिंदी अंग्रेजी का एक-एक पेज सुलेख प्रतिदिन लिखना चाहिए। कार्यक्रम संचालक अनुराग बाजपेई ने एकाग्र मन से पढ़ने का महत्व समझाया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अनुराग श्रीवास्तव और गोपाल त्रिपाठी ने बच्चों को पुरस्कार वितरित कर उन्हें सुलेख लिखने पर प्रोत्साहित किया। नीती शर्मा कक्षा 6,साजिद और सिमरा कक्षा 7, फामजा खां और सारा खां कक्षा 8 को सुलेख प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार दिया गया ।इस अवसर पर शिक्षक रितेश कुमार,राजीव कुमार, सत्यदेव सहित सभी स्टाफ और बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

# बिना भेदभाव के भाजपा सरकार ने किया काम : नितिन

हरदोई



पोखरी तिराहे पर जनसभा को संबोधित करते आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आबकारी एवं मद्य निषेध मंत्री नितिन अग्रवाल ने रविवार को बावन ब्लाक के पोखरी तिराहे पर आयोजित एक जनसभा में कहा कि 2014 के भारत में और आज के भारत में उल्लेखनीय अन्तर है। आज का भारत श्रेष्ठ भारत बनकर दुनिया को दिशा दे रहा है, जबकि पहले का भारत विदेशों के इशारे पर चलता था। यह सब कुछ मोदी जी के करिश्माई नेतृत्व के कारण हुआ है। उनके नेतृत्व में देश का हर वर्ग प्रगति के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है।

मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि मोदी ने चार वर्गों के लिए काम किया है जिसमें किसान, गरीब, नौजवान और महिलायें शामिल हैं। इन सभी को केन्द्र में रखकर योजनायें बनायी गयी हैं जिनसे इन सभी के चेहरे पर खुशहाली आई है। उन्होंने शहर के एक होटल में महिला सम्मेलन और एक दूसरे कार्यक्रम में अल्पसंख्यक सम्मेलन में कहा कि मोदी और योगी सरकार में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का मौका मिला है। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलायें कुटीर उद्योगों से जुड़ रही हैं। लखपति दीदी योजना महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही हैं। यही नहीं उज्ज्वला योजना, हर घर नल योजना, सुकन्या योजना आदि योजनाओं से महिलाओं का जीवन संवर रहा है। उन्होंने कहा कि अल्प संख्यक समुदाय के लोगों को समान रूप से सरकारी योजनाओं में भागीदारी मिली है।, उन्हें बिना किसी भेद-भाव के सुरक्षा व सम्मान दिया जा रहा है। इस मौके पर अरूण कुमार बाजपेयी, सन्दीप प्रधान रारा, सुरेश नाहर, प्रदीप गुप्ता, मान सिंह यादव प्रधान, राजेश यादव प्रधान, अनिल भरिगवॉ प्रधान, सुशील त्रिपाठी, अलका गुप्ता, डॉ चित्रा मिश्रा, अनुराधा मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य पुष्पा देवी, रीना गुप्ता, बाबू अली, प्यारे मियॉ, मो हसीन, मुन्ना नेता सभासद, हबीब अहमद, आरिफ खां शानू, मो. शमीम आदि रहे।

### पिकअप वाहन और वैन में हुई टक्कर

**सवायजपुर, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के रूपापुर में एक तेज रफ्तार पिकअप डाला ने वैन में टक्कर मार दी, जिससे वैन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं वैन का चालक इस हादसे में बाल-बाल बच गया। पाली थाना क्षेत्र के सैदापुर गांव निवासी पंकज सिंह ने बताया कि वह रविवार को वैन लेकर जैसे ही रूपापुर पहुंचे, तभी हुल्लापुर की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी वैन में टक्कर मार दी, जिससे वैन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, हालांकि उन्हें चोट नहीं आई है। बताया कि दुर्घटना के समय उनके अलावा वैन में कोई सवार नहीं था। फिलहाल पीड़ित पंकज सिंह ने मामले की सूचना रूपापुर चौकी पुलिस को दी, पुलिस मामले में पड़ताल कर रही है।

## एक नजर

### मंदिर से दान-पात्र चोरी कर भाग रहे चोर को पकड़ा

हरदोई। भक्तो की आस्था का केन्द्र प्राचीन कुसुमा देवी मंदिर में रखा दान-पात्र दिनदहाड़े चोरी हो गया। गनीमत रहा कि वहां के केयर टेकर ने चोरको देख लिया और भीड़ ने उसे दौड़ा कर पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। मामला लोनार थाने के बावन कस्बे का है। कस्बे में सैकड़ो भक्तो की आस्था का केन्द्र प्राचीन कुसुमा देवी मंदिर का है। बात रविवार की है, वहां पहुंचा चोर दिनदहाड़े मंदिर में रखा दान-पात्र चोरी कर भाग खड़ा हुआ, उसी बीच केयर टेकर ने उसे भागते हुए देखा और शोर मचा दिया। जिसके चलते भीड़ ने उसे दौड़ा कर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। इस तरह का मामला सारे दिन चर्चा में रहा।

### मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार हावी, जिम्मेदार मौन

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। जनपद के विकास खण्ड बढ़नी के सिसवा बुजुर्ग में मनरेगा योजना भ्रष्टाचार की भेट चढ़ी है। शुक्रवार सुबह 10:05 बजे तक एक भी मनरेगा मजदूर काम पर नहीं था। बतातें चलें कि शाम 7 बजे हाजिरी लगा दिया जाता है। वहीं मस्टररोल में दो जगहों का काम चल रहा है। एक जगह लालू के खेत से कुट्टी तक चकमार्ग पटाई का काम और दूसरा पवन के खेत से सुरही नाले तक चकरोड पटाई का काम चल रहा है। मामला बढ़नी विकास खण्ड के सिसवा बुजुर्ग का है। जहां खण्ड विकास अधिकारी बढ़नी श्याम मुरली मनोहर मिश्रा है। इस संबंध में जब खंड विकास अधिकारी उनका मोबाइल फोन नहीं उठा।

### ट्रेन की चपेट में आकर अज्ञात युवक की मौत

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ के दक्षिण रेल समपार फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त अब तक नहीं हो पायीं है। शोहरतगढ़ रेलवे स्टेशन के दक्षिण रेल समपार फाटक के पास रविवार की सुबह ट्रेन से कटकर अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गयी। युवक नीले रंग का जींस पैंट व गुलाबी शर्ट पहने हुए था। स्टेशन मास्टर ने कहा कि गोरखपुर से लखनऊ जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस के ड्राइवर ने मेमों देकर घटना की जानकारी दी। जीआरपी चौकी प्रभारी आजम अंसारी ने शव की पहचान कराने के लिए आसपास के लोगों को बुलाया, पर उसकी पहचान नही हो पायी। उन्होंने कहा कि शव की शिनाख्त के लिए मोर्चरी हाऊस में रखा गया है। पहचान कराने का प्रयास हो रहा है।

# स्थानीय मुद्दे गायब, पार्टियों के बड़े नेताओं के दम पर हो रहा चुनाव

वीरेश शुक्ला, हरदोई




अमृत विचार। जिले में लोकसभा चुनाव में स्थानीय मुद्दे कोई भी प्रत्याशी नहीं छू रहा है। यही वजह है कि जनता चुनाव से खुद को बिल्कुल दूर किए हुए है। दोनों लोकसभा क्षेत्रों में सिर्फ बड़े नेताओं की दम पर चुनाव लड़ा जा रहा है। पूस की ठंड में छुट्टा जानवरों से फसल बचाने वाले किसानों का दर्द जानने का प्रयास कोई प्रत्याशी नहीं कर रहा है। जिले के तमाम निम्न व मध्यम वर्गीय लोगों का पैसा सहारा इंडिया में जमा है, जिसकी वापसी के लिए वह ऐड़ी चोटी का जोर लगा चुके हैं। उसे दिलाने की बात कोई प्रत्याशी नहीं कर रहा है। जिले में रोजगार के साधनों की इतनी कमी है कि प्रत्येक गांव में युवा वर्ग ढूंढे नहीं मिल रहा है। वह दूसरे राज्यों में रोजी रोटी कमा रहा हैं, इसके लिए भी कोई बात नहीं कर रहा है। जिले में ऐसी कोई इकाई नहीं लगी है, जिससे यहां के बेरोजगार जवान अपनी रोटी कमा सके।

जिले में पांच दिन बाद मतदान होगा, लेकिन अभी भी आम मतदाता का चुनाव से कोई लेना देना नहीं है। इसका कारण यह है कि जनता की स्थानीय समस्याओं को न किसी जनप्रतिनिधि ने हल कराने की बात कही और न ही चुनाव में उन्हें समस्या हल करने का भरोसा दे रहा है। सभी प्रत्याशी अपने बड़े नेताओं के दम पर चुनाव मैदान में है। कोई प्रत्याशी न तो जनता से जुड़ने का प्रयास कर रहा है और न ही जनता प्रत्याशी को खुद से जोड़ पा रही है।

जिले में जिला प्रशासन लगातार मतदान के लिए स्वीप कार्यक्रम चला रहा है। इसके बावजूद लोगों में वह उत्साह नहीं दिखाई पड़ रहा है जो पहले चुनावों में दिखाई पड़ता था। इसका मुख्य कारण चुनाव के बाद जनप्रतिनिधियों की वादा खिलाफी है। अब जनता भी इस वादाखिलाफी के कारण राजनीति या जनप्रतिनिधियों में कोई रुचि नहीं दिखा रही है।

### किसानों के मुद्दे

पूरे जिले में आवारा जानवरों की समस्या बहुत बड़ी है। रबी की फसल को बचाने के लिए पूरी-पूरी रात कड़कड़ाती ठंड में किसान खेतों में पड़े रहे। सरकार ने गोवंशों के लिए दर्जनों गौशालाएं जिले में खोली इन पर करोड़ों रुपये भी खर्च हुआ, लेकिन जानवर गौशाला की बजाय किसानों की मेहनत को ही चरते रहे। कई बार गोवंशों से आजिज किसानों ने अपना आक्रोश जताते के लिए इन छुट्टा जानवरों को कहीं सरकारी स्कूल में बंद किया तो कहीं ग्राम सचिवालय में। उनकी यह बात भी शासन-प्रशासन को नागवार गुजरी, जिस पर कई बार किसानों को प्रशासनिक कार्यवाहियां झेलनी पड़ी। किसानों को उम्मीद थी कि शायद लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी उनके पास पहुंच कर दुख दर्द सुनेंगे। उनके दुखों से उच्चाधिकारियों को अवगत कराएंगे, लेकिन ऐसा कहीं नहीं हुआ। कोई भी नेता किसानों के पास उनका दर्द पूछने नहीं गया, बल्कि उन्हें आश्वासन की घुट्टी देकर चला आया। किसान यह घुट्टी बरसों से पी रहे हैं, अब निराश होकर खुद को चुनाव से दूर कर लिया है।

### सहारा पीड़ितों की टूटी आस

इसी प्रकार जिले में सहारा इंडिया के सैकड़ों जमाकर्ताओं का धन समय अवधि पूरा हो जाने के बावजूद नहीं मिल पा रहा है। इसमें अधिकांश ऐसे खाताधारक हैं, जो पान की गुमटी लगाकर, परचून की दुकान चलाकर या फिर कोई छोटा मोटा काम कर अपनी मेहनत की कमाई भविष्य के सपने को पूरा करने के लिए सहारा में लगाए थे। इनकी मेहनत की कमाई कब गायब हो गई यह इन्हें खुद पता नहीं चला। कुछ माह पूर्व खाताधारकों के प्रपत्र तहसील में जमा कराए गए थे, लेकिन वह भी रद्दी की टोकरी में चले गए। सहारा इंडिया से पीड़ित सैकड़ों परिवार उम्मीद लगाए थे कि शायद कोई जनप्रतिनिध उनके पैसे दिलाने की पहल करें, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। चुनाव आने पर खाताधारकों की उम्मीद बढ़ गई कि शायद कोई पार्टी या प्रत्याशी उनकी समस्या को समझ कर निदान का कोई उपाय बताने उनके पास पहुंचे, लेकिन चुनाव लड़ रहा कोई भी प्रत्याशी इस मुद्दे पर कतई बोल नहीं रहा है।

### युवाओं की उम्मीदें धुंधली

जिले के हजारों नवयुवक दूसरे प्रदेशों में रोजी रोटी कमा रहे हैं। जब बीएलओ पर्ची बांटने के लिए गए तो जिले के हजारों लोग जिले में न मिलकर हरियाणा, पंजाब और दिल्ली में रोजी रोटी कमाने के लिए बताए गए। जिले में ऐसी इकाई नहीं लगी है, जिसमें जिले के लोगों को रोजी रोटी मिल सके। यहां से वर्षों से जनप्रतिनिधि ऐसी कोई व्यवस्था नहीं कर पाए कि जिले का युवा अपना घर परिवार छोड़ कर बाहर रोजी रोटी कमाने न जाए। हालांकि जिले में निजी क्षेत्र की कुछ इकाईयां लगी, लेकिन उन्होंने जिले के लोगों को अपनी इकाईयों से दूर रखा है। पिछले चुनावों में भी तमाम बड़े नेताओं से लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी युवाओं के पलायन को रोकने की बात कही थी, लेकिन उनकी यह बात चुनावी बात होकर रह गई। यही वजह है कि अब जनता लगातार जनप्रतिनिधियों के वादों को झूठा मानते हुए उनसे दूरी बनाने का प्रयास कर रही है। जब चुनाव के पांच दिन शेष बचे हैं फिर भी गांव से लेकर शहर तक किसी वर्ग के मतदाता में चुनाव को लेकर कोई उत्साह नहीं है। वर्षों से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियां कर रहे हजारों युवा नौकरी की बांटजोह रहे हैं, लेकिन उन्हें नौकरी नहीं मिल रही है। जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के चलते यह नौजवान भी चुनाव को लेकर बिल्कुल बेरूखे हैं।

# सड़क पर लड़ रहे सांड़ों ने बाइक में मारी टक्कर, पति की मौत व पत्नी-बेटा घायल

## बेटे की दवा लेने जा रहे थे दंपति, सीतापुर रोड जीडीसी तिराहे पर हुआ हादसा

हरदोई

अमृत विचार। बीच सड़क पर लड़ रहे सांड बाइक से टकरा गए, जिससे बाइक चला रहा युवक बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया, जबकि उसकी पत्नी और बेटे के भी चोंटे पहुंची। ज़ख्मी युवक को आनन-फानन में पुलिस गाड़ी से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इस तरह का हादसा रविवार की दोपहर सीतापुर रोड पर जीडीसी तिराहे पर होना बताया जा रहा है।

बताते हैं कि टड़ियावां थाने के सिकराहना मजरा सिकरोहरी निवासी 38 वर्षीय रामकिशोर गुप्ता पुत्र दयाराम गुप्ता अपनी पत्नी रजनी के अलावा दो बेटे अजय व आलोक तीन बेटियों के साथ खेती-बाड़ी से गुज़र कर रहा था। उसने 7 वर्षीय छोटे बेटे आलोक को शहर के नघेटा रोड पर एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया था, जहां से उसकी छुट्टी हो गई थी। रामकिशोर रविवार को उसी बेटे की दवाई लेने बेटे व पत्नी के साथ बाइक से आ रहा था। उसी बीच रास्ते में सीतापुर रोड जीडीसी तिराहे पर आपस में लड़ रहे सांड उसकी बाइक से टकरा गए, जिससे कि बाइक सवार रामकिशोर, उसकी पत्नी रजनी व बेटा आलोक सड़क पर गिर कर ज़ख्मी हो गए, रामकिशोर के सिर में गहरी चोंट पहुंचने से वह बेहोश हो गया। इसका पता होते ही कोतवाली देहात की गाड़ी वहां पहुंच गई।

आनन-फानन में ज़ख्मी बाइक सवार को उसी से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, रामकिशोर को बचाने के लिए वहां के डाक्टरों भरपूर कोशिश की, लेकिन फिर भी वे उसे बचा नहीं सके। आखिरकार ज़ख्मी बाइक सवार की मौत हो गई। हादसे की खबर सुनते ही उसके घर में कोहराम मच गया। पुलिस जांच कर रही है।



मृतक रामकिशोर की रोती-बिलखती पत्नी व पास में बैठा बेटा आलोक।

### घायल युवक को बचाने के लिए मेडिकल कालेज के डॉक्टरों ने की पूरी कोशिश

मेडिकल कालेज के डाक्टरों ने सांड़ के टकराने से घायल हुए बाइक सवार रामकिशोर को बचाने के लिए अपनी पूरी कोशिश की लेकिन उसे बचा नहीं सके। जैसा कि बताते है कि दो बार तक खो चुकी पल्स चली। लेकिन उसके बाद बिल्कुल से चली गई। इमरजेंसी में लगी भीड़ बाइक सवार को बचाने के लिए डाक्टरों की हर मुमकिन कोशिश को एक टक देखती जा रही थी।

# खामोशी में सिमटा चुनावी शोर

खालिद अय्यूबी, हरदोई

अमृत विचार। सदियां नहीं बल्कि कुछ साल ही गुज़रे होंगे जब हर चौराहे और दोराहे पर होने वाले चुनावी शोर से नींदें हराम हो जाया करती थी। एक कहावत बड़ी मशहूर है, 'बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना' उस ज़माने के चुनाव में कदम-कदम पर बेगानी शादी वाले अब्दुल्ला दीवाने नज़र आते थे, लेकिन धीरे-धीरे वक्त बदला तो चुनावी माहौल भी बदल गया। उस दौर के चुनाव में जोश के साथ होश गंवाने वाले भी बहुतेरे दिखते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं है। जैसे-जैसे वोट पड़ने की तारीख नज़दीक आती जा रही है, वैसे-वैसे खामोशी की चादर अपना दायरा और बढ़ाती जा रही है।

पहले का चुनाव लोगों के ज़ेहन में आज भी जिदा है। बताया जाता है कि चुनाव आते ही चौराहों की चमक बढ़ जाती थी। चुनावी चक-चक में दिन-भर की थकान भी बे-असर रहती थी। शराफत हुसैन 80 के दशक वाले चुनाव को याद करते हुए बताते है कि उस दौर में सारी-सारी रात चहल-पहल रहा करती थी। आधी रात गुज़र जाती थी, लेकिन भूख और प्यास का दूर-दूर तक कोई पता नहीं होता था, जब तक अब्बा कनबुच्ची नहीं लगाते थे, तब तक चुनाव का बुखार नहीं उतरता था। कुछ ऐसा ही रामभजन ने भी बताया, उन्होनें काफी ज़ोर देते हुए बताया कि उस वक्त के चुनाव में बहुत मज़ा आता था, एक-एक बिल्ले के लिए न जाने कहां-कहां तक की दौड़ लग जाया करती थी। चुनाव का शोर ऐसा होता था कि रात जाग कर गुज़र जाती थी। तब एक-दो नहीं बल्कि कई बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाने घूमा करते थे, लेकिन वक्त के साथ सब कुछ बदल गया, बेगानी शादी जैसा चुनाव रह गया और न ही अब्दुल्ला दीवाने दिखाई देते है। पहले का चुनाव भी क्या चुनाव होता था, लोग अपना घर-बार छोड़ कर चुनाव का हिस्सा बन कर उसी के जोश में अपना होश गंवा बैठते थे, खूब बेवड़े भी इधर-उधर टकराया करते थे, लेकिन अब ऐसा कुछ भी नहीं रहा, अब तो जैसे-जैसे वोट पड़ने की तारीख नज़दीक आती जा रही है, वैसे-वैसे खामोशी वाली चादर अपना दायरा और बढ़ाती जा रही है।

### जनता में चलती थी लंबी बहस

पहले का चुनावी शोर कुछ अलग ही हुआ करता था, जहां पर चार यार इकट्ठा हो जाते थे, वहीं पर सरकारें बन कर बिगड़ जाया करती थी। चाय की चुस्की और बीड़ी-सिगरेट के लंबे-लंबे कश खींच कर शुरु होने वाली बहस तब तक चला करती थी, जब तक ख्वाब-ओ-ख्यालों में फंला पार्टी सरकार बन कर बिगड़ नहीं जाया करती थी। कहीं-कहीं पर तो फंला पार्टी सरकार बनाने जा रही है, की रुपयों की शर्त लगा करती थी। लेकिन बदलते वक्त के चुनाव में सारा कुछ बदल गया, न तो वैसे लोग रहे और न ही वैसा चुनाव।

# डामर रोड बने तो राहगीरों को सफर के झटकों से मिले राहत


कस्बे को जोड़ने वाला खड़ंजा मार्ग। अमृत विचार

टड़ियावां, हरदोई

अमृत विचार। प्रदेश और केंद्र की सरकारें बदलीं लेकिन गांवों में सुविधाओं की हालत बहुत कुछ अब भी पहले जैसे ही है।

ग्रामीण क्षेत्रों को कस्बे से जोडने वाली कवायद महज कागजों तक सिमट कर रह गई है। बता दें क्षेत्र की ग्राम डांडा से ब्लॉक मुख्यालय की दूरी तकरीबन कुल 3 किमी की है। इसमें कस्बे की पड़ोसी ग्राम पंचायत खेरिया नेवादा तक डामर रोड इसके अलावा ग्राम पंचायत टड़ियावां के मजरा बरबटापुर तक डामर मार्ग है। इन दोनों मार्गों से ग्राम पंचायत गौरा डांडा की दूरी डेढ़ किमी तक है। कई दशकों में कई सरकार बदली और निजाम भी बदले लेकिन डेढ़ किमी तक बिछाया खडंजा आज भी स्थानीय लोगों और राहगीरों को सफर में झटके खाने पड़ रहे हैं। ग्रामीण अरविंद राठौर, मोहम्मद अफजल, रमेश यादव, शत्रुघ्न उर्फ झम्मा, सर्वेश राठौर, अक्षय राठौर, अनुज राठौर आदि ने बताया कि उनके गांव से टड़ियावां ब्लॉक मुख्यालय के लिए डेढ़ कि.मी तक ऊबड़ खाबड़ पर आवाजाही मजबूरन करनी पड़ रही है। कहा कि इन दिनों लोक सभा चुनाव में वोट की अपील कर रहे विभिन्न दलों के प्रत्याशियों की ओर से दावा किया तो दावा किया जा रहा है, लेकिन चुनाव निपट जाने के बाद नेता जी अपने किए दावों को भूल जाते हैं। फिलहाल ग्रामीणों ने अब इसे चुनावी मुद्दा बना लिया है।

# मंत्री की फटकार के बाद सड़क बननी शुरू

बावन, हरदोई

अमृत विचार। बावन बस अड्डे से बाजार होते हुए ब्लॉक मुख्यालय जाने वाली सड़क को बनाने का कार्य दो माह पहले शुरू हुआ था। पिछले एक माह से काम बन्द पड़ा था। ठेकेदार आधी अधूरी सड़क बनाकर गायब था। ग्रामीण काफी परेशान थे। इस संबंध में खबर प्रकाशित हुई थी।

जानकारी मिलते ही आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने पीडब्ल्यूडी के अफ़सरों को फटकार लगाई। फटकार के 24 घण्टे बाद रविवार की सुबह आनन फानन में सड़क बनाने का कार्य शुरू हो गया। जल्द ही यह सड़क बनकर तैयार हो जाएगी। दो माह पहले सड़क बनाने के लिए ठेकेदार ने जेसीबी से सड़क खुदवा दी थी उसके बाद आधी सड़क बना दी। जो आधी सड़क बनी है उसकी पटरी नही बनी है जिस वजह से काफी दिक्कतें हो रही हैं। आधी सड़क टूटी फूटी पड़ी थी। जिस पर ग्रामीणों का निकलना दूभर था। इस संबंध में खबर प्रकाशित हुई खबर का संज्ञान लेते हुए आबकारी मंत्री ने पीडब्ल्यूडी अफ़सरों पर कड़ी नाराजगी जताई। फटकार के बाद सड़क पर कार्य शुरू हो गया। यह सड़क नितिन अग्रवाल ने ही पास करवाई थी। बताया गया है कि यह सड़क काफी सालों से खराब थी। दो माह पहले इस सड़क को बनाने का कार्य शुरू हो गया था। यह पूरी सड़क आरसीसी से बनेगी।

इसके अलावा पावर हाउस के सामने से ब्लॉक मुख्यालय जाने वाली सड़क पर भी निर्माण कार्य चल रहा है। इस सड़क पर कार्य शुरू होते ही बावन निवासी देशदीपक दीक्षित, शिवेंद्र शुक्ला, रामसरन राठौर, रवि सर्राफ, उमाकांत पाठक, नौशाद खान, असद खान, महादेव कश्यप, पंकज राठौर, शीबू खान, अनीस खान व हेमंत सिंह आदि ने आबकारी मंत्री का आभार जताया है।


कस्बे में सड़क निर्माण के लिए एकत्र की गई गिट्टी। अमृत विचार

### चोरी की रंजिश में गाली गलौज कर पीटा, पुलिस को दी तहरीर

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली के मोहल्ला उधरनपुर में गायब हुए मोबाइल की बरामदगी की रंजिश में गाली गलौज किया और पिटाई कर दी। जिसकी लिखित सूचना पीड़िता ने पुलिस को दी है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर जांच शुरू की है। नगर के मोहल्ला उधरनपुर निवासी सीमा पत्नी अरविंद ने बताया ने बताया उसका मोबाइल 8 माह पहले मुकेश पुत्र दाता राम ने चुरा लिया था। उसके बाद उसने ग्राम हिरौली निवासी तोताराम को दो हजार का मोबाइल बेच दिया था। जिसकी शिकायत पर सीओ शाहाबाद कार्यालय पर पुलिस द्वारा वापस दिलवाया गया था। शनिवार को इसी रंजिश में विपक्षी रीता पत्नी मुकेश ने उसके पति के नाम झूठा प्रार्थना पत्र देकर उसके पति को कोतवाली में बंद करवा दिया। विपक्षी मुकेश ने उसे घर पर आकर गाली गलौज कर पीटा और जान माल की धमकी दी। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आम तोड़ने के विवाद में मारपीट व फॉयरिंग

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। जनपद के गोल्हौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा मझारी के पिपरा ग्राम में रविवार को विवादित जमीन पर आम तोड़ने को लेकर फायरिंग हुई। बता दें कि ग्राम सभा मझारी के पिपरा ग्राम में मोहन कुमार निषाद और हरिओम त्रिपाठी के परिवार के बीच विवाद हुआ था। रविवार सुबह 9 बजे विवादित जमीन पर आम तोड़ने को लेकर दो पक्षों में जमकर बवाल हुआ। काफी देर तक दोनों तरफ से लाठी, डंडे और ईंट, पत्थर चलें। इस दौरान चार राउण्ड फायरिंग हुई, जिसमें एक व्यक्ति के पेट में गोली लग गई जबकि दो अन्य लोगों को गोली छूकर निकल गयी। वहीं घायल 42 वर्षीय ओमप्रकाश त्रिपाठी का इलाज चल रहा है।

## सार-संक्षेप


राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपते भाजपा जिला अध्यक्ष।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। मैनपुरी में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के रोड शो के दौरान महाराणा प्रताप चौक पर महाराणा प्रताप की मूर्ति से छेड़छाड़, चप्पल-जूते पहन कर ऊपर चढ़ने के विषय में जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ राष्ट्रपति को संबोधित पत्र जिलाधिकारी को पवन अग्रवाल को सौंपा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप की मूर्ति के साथ अवमानना पूर्ण व्यवहार कर सपाइयों ने करोड़ों हिन्दुओं की भावनाओं को आघात पहुंचाया है। चुनावी हार की बौखलाहट में अखिलेश यादव अपने वोटबैंक को खुश करने के लिए घृणित राजनीति पर उतर आए हैं।

### सफाई कर रहे अधेड़ की सांप के डंसने से मौत

हरदोई, अमृत विचार। अधेड़ अपने कमरें की साफ-सफाई कर रहा था, उसी बीच वहां निकले सांप ने उसे डंस लिया, सांप के डंसने से अधेड़ चीखता हुआ बाहर भागा और फिर उसकी हालत बिगड़ने लगी। उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने उसका शव अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया। माधौगज थाने के खुर्दा मदारपुर निवासी 50 वर्षीय जगपाल खेती-किसानी करता था। परिवार में उसकी पत्नी के अलावा बेटे अखिलेश, विकास व घनश्याम और बेटी ज्योति है। जगपाल शनिवार की शाम अपने कमरें की साफ-सफाई कर रहा था, उसी बीच वहां सांप ने उसे डंस लिया, अधेड़ चीखते हुए कमरे के बाहर भागा और कुछ ही देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई। मेडिकल कालेज में उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

## खान-पान
### समय और बाजार में भारी परिवर्तन के बावजूद लोगों में कम नहीं हुई दीवानगी

# ठेले पर बिकने वाली बर्फ के आज भी कम नहीं हुए शौकीन

हरदोई

अमृत विचार। आज बाजार में तमाम तरह के ठंडे पेय पदार्थ उपलब्ध हैं। गर्मी से राहत पाने को लोग इनका सेवन भी कर रहे हैं। तमाम कंपनियों की आइसक्रीम और कोल ड्रिंक मौजूद हैं। लेकिन साइकिल और ठेले पर रखकर खिसकर बिकने वाली बर्फ खाने का अलग ही मजा है।

गर्मी का मौसम इन दिनों चरम पर है। दोपहर में भीषण गर्मी से गला तर रखने के लिए लोग ठंडे पेय पदार्थ व आइस्क्रीम का सहारा लेते हैं। तमाम बड़ी कंपनियों ने गर्मी के इस मौसम को भी अपने व्यापार में शामिल करते हुए तरह-तरह की आइस्क्रीम व ठंडे पेय पदार्थ बना डाले हैं। इन सबके बावजूद वर्षों से बिकने वाला घिसना बर्फ आज भी अपनी जगह बनाए हुए है।

समय में तमाम उतार-चढ़ाव आए लेकिन इस बर्फ के शौकीन कम नहीं हुए। बदलाव में इतना जरूर हुआ, जहां बर्फ विक्रेता पहले बर्फ की सिल्ली को अपने हाथ से रंदे (बर्फ घिसने का देसी यंत्र) का प्रयोग करते थे, जिससे बर्फ बेचने में उनके हाथों को काफी नुकसान पहुंचता था। अब बदली तकनीक में बर्फ को घिसने के लिए मशीन बना दी है, जिसमें बर्फ को घिसकर बर्फ का गोला बनाया जाता है। इसे घिसना बर्फ के नाम से जाना जाता है। रंग-बिरंगे शर्बतों को डाल कर बनाया जाना वाला यह घिसना बर्फ आज भी लोगों में अपनी जगह बनाए हुए है। शादी-बरातों में भी अब लोग इस घिसना बर्फ के काउंटर लगवाते हैं। जिस पर घिसना बर्फ के शौकीन चुस्कियां लेते दिखाई पड़ते हैं। समय में तमाम बदलावों के बाद भी घिसना बर्फ अभी भी अपने बेहतर स्वाद के कारण लोगों में जगह बनाए हुए है। बताते चलें कि इन दिनों भयंकर गर्मी पड़ रही है। स्कूली की छुट्टियां भरी दोपहरी में 1 बजे हो रही है। ऐसे में छुट्टी के बाद बच्चे रास्ते में मिलने वाले घिसना बर्फ से अपना गला तर करते हैं।



बर्फ के ठेले पर मौजूद स्कूली बच्चे। अमृत विचार

# इलेक्ट्रानिक बसों का संचालन शुरू

हरदोई

अमृत विचार। लंबे इंतजार के बाद आखिर लखनऊ से चलकर संडीला, बेनीगंज होते हुए नैमिष तीर्थ तक इलेक्ट्रॉनिक बस सेवा शुरू हो गई। नगर क्षेत्र के लोगों ने बस सेवा शुरू होते होने पर खुशी जताई। बताते चले कि लखनऊ और औद्योगिक शहर कानपुर को जोड़ने वाले यातायात साधनों की कमी को दूर करने की मांग नगर क्षेत्र के व्यापारिक लोग लंबे अरसे से करते रहे हैं। अभी कानपुर जाने के लिए परिवहन की केवल एक ही बस चल रही है।

राजधानी लखनऊ से नैमिष तक चलने वाली बस घंटाघर से सुबह 8 बजे चलेगी यह बस 11:30 बजे नैमिष पहुंचती है। यही बस फिर 1:30 बजे नैमिषारण्य से लखनऊ के लिए रवाना होती है। जिसके क्रम में लगभग 1 वर्ष पूर्व लखनऊ से सुबह 2 बसें नैमिषारण्य के लिए चल रही है। यह दोनों बसें 1 और 1:30 बजे दोपहर में लखनऊ के लिए नैमिषारण्य से रवाना होती है। इलेक्ट्रॉनिक बसों के संचालन की मांग पर इसी रूट पर 10 बसों का संचालन किये जाने की जानकारी पूर्व में ही, दी गई थी लेकिन बसों के चार्जिंग की समस्या के कारण बसें नहीं चल सकीं सकीं थीं। अब नैमिषारण्य में चार्जिंग पॉइंट बनने के बाद 2 बसें चलाई गई है। राजधानी के दुबग्गा इलेक्ट्रॉनिक

### नैमिष में बना चार्जिंग प्वाइंट

बस डिपो इंचार्ज के अनुसार पर्यटन को देखते हुए डिपो की 90 बसें अयोध्या में लगाई गई थीं। जिनमें से 50 वापस आई हैं। शेष बसें आ जानें पर नैमिषारण्य के लिए बचीं 8 बसें और चला दी जायेंगी। इन बसों के संचालन की मांग स्थानीय सपा नेता मनीष वर्मा सहित क्षेत्रीय सांसद अशोक कुमार रावत व विधायक राम पाल वर्मा के माध्यम से बराबर की जा रही थी। वहीं लोगों का कहना है कि बसों के संचालन का समय ऐसा होना चाहिए जिससे लखनऊ से आने वाले और जाने वाले व्यापारिक लोगों को सुविधा मिल सके। बस देर शाम को लखनऊ से आने जाने के लिए होनी चाहिए जिससे लोग दिन भर काम कर घर वापसी कर सके।

## एक नजर

### चोरों ने तीन घरों से लाखों का माल बटोरा

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के कुंवरपुर गांव में बीती रात चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाया। जिसमें रामसागर यादव और जगमोहन तथा राम पाल यहां चोरी कर ले गए जिसमें रामसागर और जगमोहन के यहां से तीस हजार व सत्तर हजार की नकदी सहित लाखों रूपए जेवरात चोर चोरी कर ले गए और राम प्रसाद के यहां बरामदे मे रखी साइकिल उठा ले गए पीड़ितों थाना को सूचना दे दी है पुलिस ने मौके पर जाकर जांच शुरू कर दी है

### बच्चों के साथ मेला देखने आई महिला के चुराये रुपये

**कमलापुर।** गांव पट्टी की रहने वाली रोली पत्नी आकाश शुक्ला ने बताया कि वह अपने बच्चों के साथ मेला देखने गई थी। जब वह मन्दिर में मटकी चढ़ाने की रस्म करने लगी, तब उनके पास खड़े चोरों ने उसके पर्स से रूपये निकाल लिये। जब वह मन्दिर में पैसे चढ़ाने के लिये पर्स खोला तो उसमें से रूपये गायब थे। इसकी सूचना वहां पर मौजूद लोगों ने मन्दिर स्थित अस्थाई चैकी प्रभारी को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और तीन-चार लोगों की तलाशी ली, लेकिन पैसे का कुछ भी पता नहीं चला। रोली ने पुलिस प्रशासन से मांग कि मेले में रोज हो रही वारदात को गम्भीरता से लेकर चोरों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाये।

### मारपीट में सात लोग घायल

**रेउसा।** थानगांव के सिपतपुर के मजरा ठकुरन पुरवा निवासी रामकुमार सिंह का परिवार के छन्नू सिंह से रविवार को रास्ते को लेकर विवाद में कहासुनी हो गई। आग बबूला होकर एक राय होकर छन्नू सिंह, सत्यम सिंह ने अपने समर्थकों समेत रामकुमार के परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे मोनी सिंह 20 वर्ष, रागनी 17 वर्ष पुत्री रामकुमार सिंह, पुष्पा 50 वर्ष पत्नी रामकुमार सिंह, विनीता पत्नी छन्नू उम्र 40, कोशकी पुत्री छन्नू उम्र 15 गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी।

### राष्ट्रहित में करें मतदान

**लहरपुर।** जुगल किशोर गोविंद प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में अभाविप नगर इकाई ने मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर बैठक की। जिसमें कार्यकर्ताओं को मतदान के प्रति जागरुक करते हुए लोकतंत्र की मजबूती के लिए शत प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित किया। इसके उपरांत बैठक में सभी से अपील की गई कि राष्ट्रीय हित में मतदान करें।

# आसमान से बरस रही आग, छाता और दुपट्टा बना ढाल

**मुश्किल**

▸▸ तेज धूप के चलते घरों से निकलने से परहेज कर रहे लोग

**रामपुर मथुरा, अमृत विचार।** मई महीने की शुरूआत में ही पारा 40 से 42 डिग्री पहुंचने पर लोगों की जुबां से बरबस निकलने लगा है, उफ ये गर्मी। दिन के साथ रात में भी लोग मौसम की तल्खी से परेशान हो रहे हैं। सुविधा सम्पन्न लोग तो किसी तरह गर्मी से राहत पा रहे हैं, लेकिन सुविधाहीन लोग गर्मी से परेशान हैं। लोग धूप की तेजी और थपेड़ों के बीच सफर करके अच्छे मौसम की प्रार्थनाएं कर रहे हैं।

रविवार को छुट्टी का दिन होने से लोग बाहर कम ही निकले। वहीं घर से निकलने वाले पुरुष गमछा और कैप लगाए दिखे तो कहीं महिलाओं ने तेज धूप से बचने के लिए दुपटटों व छातों का सहारा लिया। तेज धूप और धूल भरी हवा में सफर करने वाले लोग जरा सी लापरवाही कर रहे हैं तो उन्हें बुखार खांसी पेट में दर्द डायरिया जैसी बीमारियां हो रही हैं। इस वजह से प्राइवेट के साथ सरकारी अस्पतालों में भीड़ बढ़ रही है। कड़ी धूप के बीच कई बार बादलों को डेरा भी आसमान में दिखाई पड़ने लगता है। इससे तीखी धूप के साथ कुछ राहत तो मिलती है लेकिन उमड़-घुमड़ कर रहे बादलों ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। दिन में मौसम का रुख कई बार बदल रहा है। हालांकि अभी बारिश के कोई आसार नहीं है। इन दिनों भीषण गर्मी को देखते हुए बाजारों में लस्सी व कोल्ड ड्रिंक की बिक्री बढ़ गई है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों ने गन्ने का जूस, आम का जूस व अन्य प्रकार के शीतल पेय पदार्थों का सहारा लेकर गर्मी में कुछ राहत पाने के प्रयास करते नजर आते है। गर्मी के मौसम में लोंगो के पसंदीदा फल बाजारों में खूब बिक रहे है। जगह-जगह तरबूज-खरबूजा, खीरा की दुकाने सजी हुई हैं।


तेज धूप में छाता लगाकर बचतीं युवतियां।


गर्मी से बचने के लिए तालाब में मस्ती करते बच्चे। अमृत विचार

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, हालत गंभीर

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली इलाके के सिरौली चैराहे से आगे जनता ईट भट्ठा के पास एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक के परखच्चे उड़ गए। वहीं बाइक सवार ब्रजेश पुत्र अनिल निवासी जानकी पुरम मड़ियांव लखनऊ भी गंभीर रूप से घायल हो गया। और वहीं मुख्य मार्ग पर निकल रही एफएसटी टीम ने देखा कि सड़क बाइक समेत एक घायल पड़ा हुआ है। जिसकी हालत गम्भीर देखते ही अपनी गाड़ी से सीएचसी महमूदाबाद ले जाकर भर्ती कराया ।जहां पर चिकित्सकों ने घायल का इलाज शुरू किया।

# सदर सीट से 30 साल गूंजी है महिलाओं की आवाज

## अभी तक 17 चुनावों में छह बार सदर सीट जीतकर महिलाओं ने दिखाया है अपना दम

**अयाज अहमद, सीतापुर**

**अमृत विचार।** महिला सशक्तिकरण की बात समाज में अक्सर उठती रहती है और बात हो भी क्यूं न, आखिर महिलाएं समाज में पुरूषों के बराबर कंधे से कंधा मिलाकर जो चल रही हैं। राजनीति में भी आधी आबादी को उनका हक देने की आवाज बुलंद तो की जाती है, लेकिन जब उसे धरातल पर उचित ढंग से उतारने की बात आती है तो कोई भी पार्टी आगे नहीं बढ़ती। आरक्षित सीट होने पर ही पार्टियां महिलाओं को चुनावी मैदान में उतारती हैं। राजनीति में नये नवेले पुरूषों पर तो पार्टियां दांव लगा देती हैं, लेकिन राजनीति में आई नई महिलाओं को ये मौका नहीं मिलता।

अब इस लोकसभा चुनाव की ही बात करें तो सीतापुर जनपद की सदर सीट पर भाजपा, बसपा व गठबंधन ने महिलाओं पर भरोसा नहीं जताया है। मात्र एक निर्दलीय उम्मीदवार विद्यावती गौतम ही चुनाव में महिलाओं को नुमाइदंगी कर रही हैं। जबकि जब सीतापुर सदर सीट पर महिलाओं का रूतबा किसी भी पुरूष से कम नहीं है। जब सीट 1952 में सीट का गठन हुआ तो पहला और दूसरा चुनाव एक महिला ने ही जीता था। यही नहीं इस सीट पर जो हैट्रिक का रिकार्ड बना है, वह भी एक महिला का ही बनाया हुआ है। फिलहाल जो अभी तक कोई तोड़ नहीं सका है। इतना ही नहीं एक पार्टी की लगातार तीन जीत (हैट्रिक) में भी एक महिला का हाथ है।



### पहला चुनाव जीतने वाली महिला बनीं उमा नेहरू

जब 1952 में सीतापुर सदर सीट का गठन हुआ तो उमा नेहरू ने पहला चुनाव जीतकर इतिहास बनाया। पांच साल तक संसद में महिलाओं की नुमाइंदगी की और फिर 1957 में दूसरा चुनाव जीतकर अपना परचम फहराये रखा।

▸▸ पहला चुनाव, पहली हैट्रिक और पार्टी को लगातार तीन जीत दिलाने में भी महिलाओं का रहा है योगदान

**17,59,943**
कुल मतदाता

**8,23,850**
कुल महिला मतदाता

### पहली बार हैट्रिक लगाने वाली महिला

जहां इस सीट पर पहली बार महिला ने जीतने का गौरव प्राप्त किया तो लगातार तीन चुनाव जीतकर हैट्रिक लगाने वाली भी एक महिला ही बनीं। राजेंद्र कुमारी बाजपेई ने 1980, 1984 और 1984 में लगातार चुनाव जीतकर एक रिकॉर्ड बना दिया। जो अब तक कायम है।

### पार्टी की हैट्रिक लगाने वाली महिला

एक महिला के व्यक्तिगत तौर पर हैट्रिक लगाने के बाद बसपा ने भी 1999 व 2004 में लगातार दो चुनाव जीते, लेकिन पार्टी द्वारा प्रत्याशी बदले जाने के बाद एक महिला को टिकट दिया गया। ऐसे में उस महिला और पार्टी पर दबाव था कि ये सीट किसी और के पाले न जाने पाये, लेकिन जनता ने 2009 में बसपा से चुनाव लड़ रहीं कैसर जहां को संसद पहुंचा दिया। जिससे बसपा ने भी अपनी हैट्रिक पूरी कर ली। अब तक जनता ने प्यार लुटाया है, लेकिन पार्टियों ने इस चुनाव में भरोसा नहीं जताया।

**पांच विधानसभाओं में महिला मतदाता**

| क्रमांक | विधानसभा | महिला मतदाता |
|---|---|---|
| 1. | सीतापुर सदर | 190162 |
| 2. | लहरपुर | 169694 |
| 3. | बिसवां | 162290 |
| 4. | सेउता | 147966 |
| 5. | महमूदाबाद | 153738 |

### कांग्रेस और बसपा ने महिलाओं पर जताया भरोसा

**सीतापुर।** देखा जाये तो संभवत: दो ही पार्टियां ऐसी हैं, जिन्होंने जनपद में महिलाओं को चुनावी मैदान में उतरने का मौका दिया। एक कांग्रेस जिसने पहला चुनाव ही एक महिला उमा नेहरू को लड़ाया और दूसरी बसपा। जिसने 2009 में मौजूदा सांसद का टिकट काटकर कैसर जहां को उम्मीदवार बनाया। वहीं 2019 में भी कांग्रेस ने बसपा से सांसद रहीं कैसर जहां को मौका दिया, लेकिन वह चुनाव जीत नहीं पाईं। कांग्रेस ने छ: बार ये सीट जीती है, जिसमें से पांच बार महिलाओं ने जीत दिलाई है।

## सार-संक्षेप

### डॉक्टरों ने बच्चों की आंखों और दांतों की जांच की


कैंप में बच्चों की आंखों की जांच करतीं चिकित्सक सुरभि राज। अमृत विचार

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार।** विद्यालय सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अमर नगर बिसवां में दो दिवसीय आई व डेंटल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें शकुंतला आई एवं डेंटल क्लीनिक के माध्यम से डॉक्टर लव कुश मिश्र (अल्प दृष्टि विशेषज्ञ) और डॉक्टर सुरभि राज मिश्रा (मुख एवं दंत रोग विशेषज्ञ) ने 800 छात्र-छात्राओं का नेत्र व दांत का परीक्षण किया। उन्होंने सभी बच्चों को नेत्र व दांत के स्वास्थ्य के विषय में उचित जानकारी भी दी। साथ ही समस्त स्टाफ के आंखों व दांतों का भी परीक्षण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक सुरेंद्र पाल सिंह, विद्यालय अध्यक्षा रेनू मेहरोत्रा व विद्यालय प्रबंध समिति के समस्त सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे। विद्यालय प्रधानाचार्या अल्पना अवस्थी ने आए हुए चिकित्सकों का आभार जताया।

### जेसीबी की चपेट में आने से किशोर की मौत

**सकरन, सीतापुर, अमृत विचार।** सकरन थाना क्षेत्र में बालू खोदान करते समय जेसीबी की चपेट में आकर एक 14 वर्षीय बालक की मौत हो गयी। परिजनों ने चालक पर हत्या का आरोप लगाया है। सकरन थाना क्षेत्र के गडौसा गांव में लहरपुर तम्बौर रोड के किनारे जलनिगम द्वारा बनवायी जा रही पानी टंकी के पास गांव के निवासी रामकुमार वर्मा की जेसीबी मशीन से बालू खोदान किया जा रहा था। जहां गांव का ही निवासी विपिन (14) पुत्र रमाकांत जेसीबी मशीन देख रहा था, तभी अचानक विपिन मशीन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी परिजन उसे सीएचसी लहरपुर लेकर गये जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने जेसीबी चालक पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर उसे पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मृतक के परिजनों ने अभी तक किसी प्रकार की तहरीर नहीं दी है। एसओ दिग्विजय पांडेय ने बताया कि अभी तक तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

### शत्रु संपत्ति पर कब्जे कर हो रहा व्यापार, नींद में हैं जिम्मेदार

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र में आने वाली लगभग सात सौ बीघा शत्रु संपत्तियां अवैध कब्जों के मकड़जल से बाहर नहीं निकल पा रही हैं। करोड़ों रुपए की संपत्ति पर लोगों ने कब्जे जमा रखे हैं। तहसील क्षेत्र में बरदही बाजार में मवेशियों की खरीद फिरोख्त का धंधा तेजी से पांव पसार रहा है। वहीं, कुछ तथाकथित भूमाफिया किले के कारखास से मिलकर लखपेड़ा बाग और हजारा बाग समेत तमाम से अन्य भूखंडों पर व्यापार कर रहे हैं। जानकर सूत्रों की मानें तो शत्रु संपत्तियों के खेल में कई जिम्मेदारों की संलिप्तता भी है। ऐसे में अगर शत्रु संपत्ति का लेखा-जोखा उच्चाधिकारियों द्वारा खंगाल लिया जाए, तो कई राजस्वकर्मियों की नौकरी खतरे में आ सकती है। तथाकथित भूमाफिया शत्रु संपत्ति की भूमि को किराए पर लेते हैं। इसके एवज में वह मोटी रकम किले के एक कारखास को देते हैं। मगर जिम्मेदार इसपर महज कार्रवाई का आश्वासन देकर ही इतिश्री कर लेते हैं। शत्रु संपत्ति पर हो रही खेती और खाली पड़े भूखंडों पर हुए अतिक्रमण को तहसील प्रशासन नजरअंदाज कर रहा है। हलंकि कई माह पूर्व सीएम योगी आदित्यनाथ ने इन जमीनों को कब्जामुक्त कराने के निर्देश दिए थे लेकिन जिले में अब तक इसको लेकर कोई खास असर नहीं दिखा है। रविवार को भी महमूदाबाद तहसीलदार सुरभि राय का सीयूजी नंबर नहीं उठा। कई दिनों से तहसील से संबंधित जानकारी के लिए उनको फोन किए जा रहे हैं, लेकिन फोन की घनघनाहट इनके कानों तक नहीं पहुंचती। हालांकि शत्रु संपत्ति को लेकर केंद्र के आदेशों को कितना गंभीरता से लिया जा रहा है। इस बात का अंदाजा कई दिनों से तहसीलदार के सीयूजी नंबर पर शत्रु संपत्ति से संबंधित जानकारी लेने के लिए किए जा रहे फोन के रिसीव न होने से लगाया जा सकता है।

### वसीयत और घर पर कब्जे को लेकर मारपीट

**रेउसा, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के कांता पुरवा मजरा रसूलपुर गांव में जमीन घर की वसीयत व कब्जे को लेकर भाई-बहन और बहनोई में जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें दो लोग घायल हो गए। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रामकृपाल पुत्र शंकर निवासी कांतापुरवा मजरा रसूलपुर ने रेउसा थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी विवाहित बहनें राधिका देवी पत्नी सुरेश, अर्चना देवी पत्नी दयानंद व इंद्र मुनि पत्नी महेंद्र निवासी श्री नगर पलिया कलां जिला लखीमपुर खीरी आदि ने उसकी मां को बरगलाकर फर्जी वसीयत लिखवा ली और उसको सूचना भी नहीं दी। मां की मौत के बाद उसकी बहनें बहनोई व भांजे आकर उसकी जमीन व घर पर जबरन कब्जा करने लगे। मना करने पर रामकृपाल व उसकी पत्नी की लाठी डंडों से जमकर पिटाई कर दी। रामकृपाल का आरोप है कि मारपीट में वह और उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। थाने में प्रार्थना पत्र दिया है। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक घनश्याम राम से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सूचना मिली है, जांच करकार्रवाई की जा रही है।

### लटक रहा ट्रांसफार्मर, कभी भी हो सकता है हादसा

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** पतारा कला गांव में राजकीय नलकूप के लिए लगे ट्रांसफार्मर को जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारियों ने हवा में लटका दिया है। जिससे कभी भी कोई हादसा घटित हो सकता है। इसके लिए किसानों और नलकूप संचालक ने कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से ट्रांसफार्मर को उचित ढंग से रखने के लिए कहा, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने बताया है कि किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है और जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। किसान अरुण कुमार, कमलेश, पप्पू, अजय नंदराम आदि ने समस्या का समाधान कराने की मांग की है।


हवा में लटक रहा ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

# बेकाबू कार की टक्कर से बालिका की गई जान


घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

**महमूदाबाद, सीतापुर**

**अमृत विचार।** जनपद सीतापुर की कोतवाली महमूदाबाद इलाके के भेथरा माधव गांव के पास बेहटी मानशाह गांव की मोड़ पर सड़क हादसा हुआ। जिसमें कार ने मोड़ के किनारे बैठी नाबालिक लड़की को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें सानिया पुत्री जमशेद उम्र करीब 12 वर्ष निवासी बेहटी मानशह की सर में चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। सड़क हादसा देख राहगीरों समेत ग्रामीणों की भीड़ लग गई। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल शुरू की। मृतक लड़की समेत जमशेद पुत्र असगर उम्र करीब 6 वर्ष, जकीर पुत्र जमशेद उम्र करीब 5 वर्ष निवासीगण बेहटी मानशाह, मुकेश पुत्र रामपाल निवासी हरबसपुर, सुभाष पुत्र मिश्रीलाल निवासी गोधौरी थाना महमूदाबाद के साथ ही कार चालक अभिषेक राजपूत, अभय राजपूत पुत्रगण राम दुलारे अन्य साथी कार से सिधौली की ओर से महमूदाबाद आ रहे थे, तभी रास्ते में अचानक सड़क हादसा हो गया। चालक की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों उसे रेफर कर दिया।

# जिंदा को सही इलाज नहीं, मरने पर दिये दो लाख !

**संवाददाता, महोली, सीतापुर**

**स्वास्थ्य महकमा अंजान**

▸▸ आधा दर्जन मौतों के बाद भी गंभीर नहीं सीएमओ

▸▸ फाइलों में दब कर रहे गये गलत इलाज से मौत के मामले

**अमृत विचार।** किसी बच्चे की जिंदा रहते क्या कीमत हो सकती है। शायद आप कहेंगे कि किसी की जिन्दगी की कोई कीमत नहीं होती, लेकिन एक अप्रशिक्षित डाक्टर की नजर में भले ही जिंदा बच्चे की कीमत कुछ न हो, लेकिन गलत इलाज से मरने पर उसकी कीमत दो लाख रुपये तक है। ऐसा हम कह नहीं रहे बल्कि ऐसा हुआ है। जब बीती रात एक निजी अस्पताल में गलत इंजेक्शन लगाने के बाद बच्चे की मौत हो गई तो विधिक कार्रवाई से बचने के लिए रसूखदार अस्पताल संचालक ने मृतक परिवार को करीब दो लाख रुपए दिये हैं। मृतक के पिता के करीबी ने मोबाइल पर इस बात की जानकारी दी। हैरत की बात यह है कि बीते कई महीनों में गलत इलाज से करीब आधा दर्जन लोगों के मरने के बाद भी स्वास्थ्य महकमा नहीं चेता है। कुछ गंभीर मामलों की तो फाइलें ही दबा दी गई हैं।

मालूम हो कि शुक्रवार को जगन्नाथपुर गांव के निवासी राम जीवन के छह वर्षीय बेटे को उल्टी-दस्त हो रहे थे। परिजन बच्चे को लेकर बढ़ैया गांव के निकट संचालित आरोग्य हेल्थ केयर अस्पताल पहुंचे। आरोप है कि यहां खुद को डॉक्टर बताने वाले प्रसून नाम के युवक ने बच्चे को गलत इंजेक्शन लगा दिया, जिसके बाद उसकी तड़प-तड़प कर मौत हो गई। ऐसे में मामला बिगड़ता देखकर प्रसून ने उसे कोतवाली के निकट दूसरे निजी अस्पताल में रेफर कर दिया था। बच्चे के मृत घोषित होने के बाद परिजन बच्चे का शव लेकर वापस आरोग्य हेल्थ केयर पहुंचे और जमकर हंगामा काटा। माहौल बिगड़ता देख अस्पताल संचालक मौके से फरार हो गया। इसके बाद आरोपी कथित डॉक्टर और अस्पताल संचालक को बचाने के लिए सियासत शुरु हो गई। मृत बच्चे की कीमत लगाई जाने लगी। आखिरकार, सियासी दबाव में बच्चे के परिजन को करीब दो लाख रुपए देकर मामले को दबा दिया गया। हैरत की बात यह है कि प्रशासनिक अधिकारियों ने अस्पताल जाकर कथित डॉक्टर की डिग्री और अस्पताल के संचालन के सरकारी मानक देखने की भी हिम्मत नहीं जुटाई। चर्चा है कि अस्पताल को लेकर ढ़ोल के भीतर पोल वाली कहावत चरितार्थ हो रही है, लेकिन जिम्मेदार अनभिज्ञ हैं।

**फॉलोअप**

> आरोग्य हेल्थ केयर अस्पताल में बच्चे की मौत को लेकर कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। रमा हॉस्पिटल में जच्चे-बच्चे की मौत के मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। मूड़ाहूसा वाले मामले में जिला स्तर से जांच-पड़ताल जारी है। अवैध अस्पतालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।
>
> -डॉ. इमरान अली, सीएचसी अधीक्षक, महोली

### पहले भी हुई हैं मौत, मौन रहे जिम्मेदार

करीब दो माह पूर्व जल्लापुर चैराहे पर एक झोलाछाप द्वारा गलत इलाज से एक बच्चे की मौत और महोली सीएचसी के निकट बेखौफ संचालित रमा हॉस्पिटल में प्रसव के दौरान नानकपुर की जच्चा-बच्चा की मौत हो गई थी। खुद को बचाने के लिए अस्पताल संचालक ने मुर्दों को रेफर कर दिया। हंगामे के बावजूद स्वास्थ्य महकमा अस्पताल संचालक आदि को बचाने का प्रयास करता रहा, लेकिन किसान नेता शाम शुक्ला के सीएमओ ऑफिस के घेराव के बाद सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर इमरान अली की तहरीर पर रमा हॉस्पिटल के संचालक और नर्स आदि के विरुद्ध केस दर्ज किया गया।

दो अप्रैल की रात मूड़ाहूसा गांव का मुन्नेराम अपनी मुन्नीदेवी को लेकर सीएचसी प्रसव कराने आया था। आरोप है कि आशा बहू मुन्नीदेवी को स्टाफ नर्स रंजना शुक्ला के घर ले गई। वहां तेरह हजार रुपए में सामान्य प्रसव कराने की बात कह कर इलाज शुरू किया गया। हालत बिगड़ने पर मुन्नीदेवी को सीएचसी में भर्ती कराया गया। रंजना द्वारा इंजेक्शन लगाने के बाद उसकी मौत हो गई। शिकायत के बाद भी मामले में अभी तक विधिक या विभागीय कार्रवाई नहीं की गई। मामला फाइलों में दबा दिया गया। इसी तरह साईं हॉस्पिटल में अल्लीपुर की प्रसूता और डॉ. बंगाली के यहां भी दो लोगों की अलग-अलग मौत होने का मामला प्रकाश में आया था लेकिन मामलों पर पर्दा डाल गया।

**अनदेखी** | विश्व बैंक योजना द्वारा वर्ष 1988-89 में बनवाया गया था नलकूप संख्या 51

# दो माह से नलकूप खराब, सूख रहीं फसलें

**पहला, अमृत विचार।** गर्मी में सिंचाई के लिए किसान नलकूपों पर निगाह लगाए हैं, लेकिन हाल ये है कि क्षेत्र में लगे नलकूप संख्या 51 जो विश्व बैंक नलकूप योजना द्वारा वर्ष 1988-89 में बनवाया गया था। करीब दो माह से बंद पड़ा है। जिससे किसानों की फसलें सूख रही हैं।

ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भेथरा माधव में वर्ष 1988-89में विश्व बैंक नलकूप योजना द्वारा नलकूप संख्या 51 का निर्माण करवाया गया था जो ट्रांसफार्मर फुंका होने के कारण करीब दो माह से बंद पड़ा है। जिससे किसानों की फसलें सूख रही हैं और किसानों को 300 रुपये प्रति बीघा तक अतिरिक्त खर्च देकर मक्का गन्ना पिपरमेंट की सिंचाई करनी पड़ रही है। इन दिनों मक्के व गन्ने की फसल को पानी की जरूरत है, लेकिन अधिकतर नलकूप खराब होने से हजारों बीघा फसल प्रभावित हो रही है। फसल बचाने के लिए किसान निजी पंपिंग सेट से सिंचाई करने पर मजबूर हैं। एक बीघा फसल की सिंचाई में 250 से 300 रुपये खर्च होते हैं। ऐसे में फसल की लागत बढ़ जाती है। किसानों ने बताया कि नलकूप बंद होने की सूचना विभाग को दी गई।


खराब पड़ा नलकूप। अमृत विचार

कुछ विभागीय कर्मचारी गांव आए और नलकूप ठीक करने की बात कहकर चले गए। एक किसान ने बताया कि खेत की बोरिंग खराब हो गई थी। सिंचाई के अभाव में उड़द की फसल खराब हो गई। नलकूप सही होता तो नुकसान नहीं होता। इस संबंध में नलकूप विभाग के अधिकारी अभय पटेल से फोन पर जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि नलकूप के खराब होने के संबंध में शिकायत नहीं मिली है, यदि कहीं नलकूप खराब हैं तो मरम्मत कराई जाएगी।

# प्रशिक्षण छोड़कर जाने वाले कार्मिकों पर होगी कार्रवाई

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिला विकास अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी (मतदान कार्मिक) हरिश्चन्द्र प्रजापति ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में तैनात किये गये मतदान कार्मिकों में से 672 पार्टियों को प्रशिक्षण पांच मई को जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल निकट टोल प्लाजा, खैराबाद में दिया गया। इस प्रशिक्षण में 16 पीठासीन अधिकारी, 13 मतदान अधिकारी, प्रथम, 41 मतदान अधिकारी, द्वितीय एवं 18 मतदान अधिकारी, तृतीय अनुपस्थित रहें। उक्त के अतिरिक्त 02 पीठासीन अधिकारी, 06 मतदान अधिकारी, प्रथम, 06 मतदान अधिकारी, द्वितीय एवं 14 मतदान अधिकारी, तृतीय कुल 28 कार्मिक समय से पहले प्रशिक्षण से चले गये। ऐसे कार्मिक जो समय से पहले प्रशिक्षण छोडकर चले गये उनके कार्यालयाध्यक्षों को उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये जा रहे हैं। अनुपस्थित कार्मिकों के कार्यालयाध्यक्ष को निर्देश दिये गये है कि संबंधित कार्मिक को 08 मई की प्रथम पाली में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु अपने स्तर से निर्देशित कर दें अन्यथा की स्थिति में उनके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं में कार्यवाही की जायेगी।

## एक नजर

### आज तीन घंटे तक गुल रहेगी बिजली

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार** : विद्युत उपकेंद्र देवीगंज पर 33 केवी मेन लाइन का आइसोलेटर बदलने के कारण सोमवार को सभी फीडरों की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक बाधित रहेगी। यह जानकारी उपकेंद्र के जेई सुजीत कुमार तिवारी ने दी है। भीषण गर्मी में विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से करीब एक लाख से ज्यादा की आबादी प्रभावित होगी।

### 24 लोगों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार** : लोकसभा चुनावो के लेकर संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने 24 लोगों को शांतिभंग की आशंका को देखते हुए गिरफ्तार कर लिया। जबकि अलग अलग मामलों में वांछित 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### ससुरालवालों पर दहेज का मुकदमा दर्ज

**लहरपुर, सीतापुर।** मोहम्मद सलीम निवासी ग्राम कामापुर बहतलिया थाना तालगांव ने प्रार्थना पत्र देकर कर आरोप लगाया है कि उसने अपनी बहन की शादी ग्राम पतवारा निवासी सदरूद्दीन पुत्र निजामुद्दीन अंसारी के साथ पांच वर्ष पूर्व की थी, लेकिन सदरुद्दीन, निजामुद्दीन, किताबुन व रफीउद्दीन दहेज से संतुष्ट नहीं थे, शादी के बाद वह मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे, गरीब होने के कारण वह उनकी मांग को पूरा नहीं कर सका था। ऐसे में उक्त लोग उसकी बहन को गंदी-गंदी गालियां देकर मारते-पीटते व प्रताड़ित करते थे। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि सलीम की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# जनता का धन अपने वोट बैंक को बांटना चाहता है इंडी गठबंधन: मोदी

## पीएम के निशाने पर रही कांग्रेस-सपा, सीतापुर को बताया चीनी का कटोरा

- धौरहरा, लखीमपुर व सीतापुर के प्रत्याशियों के समर्थन में पीएम मोदी ने की जनसभा

**सीतापुर, अमृत विचार।** जब उत्तर प्रदेश में सपा और उनके गठबंधन की सरकार थी, तब गन्ना किसानों को उनका भुगतान नहीं मिल पाता था, लंबे समय तक किसान अपने भुगतान के लिए परेशान रहता था, लेकिन उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार आने के बाद किसान को समय पर पेमेंट मिल रहा है। जिससे किसान के जीवन में खुशहाली आई है। भाजपा सरकार गन्ने के साथ-साथ गन्ने की खोई से बनने वाले एथेनॉल का निर्माण करके किसान को दुगुना फायदा पहुंचा रही है। ये बातें पीएम नरेंद्र मोदी ने धौरहरा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली हरगांव विधानसभा में आयोजित एक चुनावी जनसभा के दौरान कहीं। उन्होंने सपा और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। मंच पर मोदी के पहुंचते ही पंडाल में उपस्थित भीड़ ने मोबाइल की टार्च जलाकर अभिवादन किया।

सर्वप्रथम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 88 हजार ऋषियों की तपस्थली नैमिषारण्य को प्रणाम किया और कहा कि सीतापुर की इस पावन भूमि पर मैं जनता जनार्दन का आशीर्वाद मांगने आया हूं। जनता ईश्वर का रूप होती है और ईश्वर को सच्चा अभिवादन करने से ईश्वर अपना आशीर्वाद जरूर देता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरा अपना कोई परिवार नहीं है। देश की जनता ही मेरा परिवार है और मैं अपने परिवार के लिए दिन-रात कार्य कर रहा हूं। इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस पार्टी जनता का धन लूटकर अपने वोट बैंक को बांटना चाहती है, जो मोदी के रहते कभी संभव नहीं है। समाजवादी पार्टी पर आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस व सपा की सरकार में पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों के हाथ पांव बांध दिए गए थे जिससे वह आतंकियों पर कार्यवाही नहीं कर पाते थे, लेकिन भाजपा सरकार में आतंकवाद का सफाया हो चुका है। प्रधानमंत्री ने धौरहरा सांसद रेखा वर्मा, सीतापुर सांसद राजेश वर्मा व लखीमपुर खीरी सांसद अजय मिश्रा टेनी को कमल निशान पर वोट देकर भारी बहुमत से विजय बनाने की अपील की। तुष्टिकरण पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि समाजवादी पार्टी व कांग्रेस वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण के किसी भी पायदान पर जा सकते हैं। कर्नाटक का हवाला देते हुए बताया कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ओबीसी का आरक्षण काट के मुसलमानों को देने जा रही है। जिससे ओबीसी का हक लूट जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि जब तक नरेंद्र मोदी जिंदा है, धर्म के आधार पर आरक्षण का बंटवारा नहीं होने देगा। अंत में सीतापुर लखीमपुर में आगामी कार्यकाल में बड़े विकास की बात कहते हुए प्रधानमंत्री ने वोट प्रतिशत को बढ़ाने की भी अपील की। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत किया। वहीं नारी शक्ति द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर प्रधानमंत्री को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा के उप्र अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने भी जनसभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धौरहरा प्रत्याशी रेखा वर्मा, सीतापुर सदर प्रत्याशी राजेश वर्मा, लखीमपुर खीरी के प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी, मंत्री जेपीएस राठौर, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु, कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, जिला प्रभारी नीरज सिंह, लोकसभा प्रभारी दिनेश तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर, कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू, लखीमपुर विधायक योगेश वर्मा, श्रीनगर विधायक मंजू त्यागी, विधायक ज्ञान तिवारी आदि उपस्थित रहे।


चुनावी जनसभा को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। अमृत विचार

### गरीब का बच्चा भूखा नहीं सोयेगा- मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि उनकी गारंटी है कि मोदी जो मुफ्त राशन दे रहा है। गरीबों के घर का चूल्हा जलता रहेगा क्योंकि ये योजना जारी रहेगी। गरीब का बच्चा भूखा नहीं सोना चाहिए। इंडिया गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि यह लोग कहते हैं कि हम इस योजना को भी खत्म कर देंगे। मोदी ने जो ट्रेन शुरू की है। उसको भी बंद कर देंगे। पीएम ने कहा कि सपा-कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले कहते हैं कि सत्ता में आयेंगे तो धारा-370 को वापस लाएंगे। ये कहते है कि धर्म के नाम पर आरक्षण लाएंगे। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के लोग भारत को तोड़ने के लिए जमीन तैयार कर रहे है।

### पीएम ने जनता से पूछे सवाल

पीएम मोदी के भाषण के दौरान सपा और कॉग्रेस निशाने पर रही। उन्होंने कहा सपा-कांग्रेस की आपके मकान, घर में रखे माताओ बहनों के जेवर और कैश पर नजर है। इन्होंने कहा है कि आपके पास जो है उसका एक्सरे निकालेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि मैंने कांग्रेस का एक्सरे निकाल दिया है। आपके पास जो अतिरिक्त संपत्ति है, उसे लूट लेंगे। कहते हैं संपत्ति लेकर बांटेंगे। किसको बांटेंगे? मनमोहन सिंह ने कहा था कि हमारे देश की संपत्ति पर पहला हक मुसलमान का है। यह अपने वोट बैंक को देंगे। पीएम मोदी ने जनता से सवाल पूछते हुए कहा कि क्या आप सरकार को अपने पूर्वजों की संपत्ति छीनने देंगे? माता-बहनों का मंगलसूत्र छीनने दोगे क्या? क्या अपने खेत के टुकड़े होने देंगे? आप मुझे बताइए। आपको लूटने के इरादे रखने वाले को घर भेजेंगे कि नहीं। भाषण के उपरान्त जनता का अभिवादन स्वीकार कर वापस रवाना हो गये।


मोबाइल टार्च जलाकर पीएम का अभिवादन करती जनता। अमृत विचार

### काशी विश्वनाथ पर बुलडोजर और राम मंदिर को अस्पताल बनाने का पूछा सवाल

जनसभा के दौरान भीड़ के उत्साह को देखकर पीएम मोदी ने इंडिया गठबंधन से सवाल पूछते हुए कहा कि क्या वह सत्ता में आए तो राम मंदिर को अस्पताल बना दोगे? क्या काशी विश्वनाथ पर भी बुलडोजर चलाओगे? उन्होंने कहा कि हमने 10 साल में बहुत विकास कार्य हुए हैं। मोदी बड़े सपने लेकर चलता है। अब तक हो हुआ है। वह ट्रेलर है अभी तो बहुत काम करना है। इस देश का एक भी इंसान ऐसा नहीं होगा कि जो कहे कि मोदी की सरकार आई और मुझे कुछ नहीं मिला। मुझे केले के तने से फाइबर बनाने वाली बहनों को मजबूत करना है।

### पंडाल में घुस नहीं पाये मंडल अध्यक्ष

प्रधानमंत्री की रैली मे हरगांव विधान सभा के हरगांव, झरेखापुर, नवीनगर, शाहपुर चारों मंडल अध्यक्षों को जो वीआईपी पास दिये गये थे उन पर मोहर न लगी होने के कारण सुरक्षा कर्मियों ने उन्हे पंडाल मे घुसने नही दिया। पंडाल मे प्रवेश न होने से चारों मंडल अध्यक्ष निराश हो गये और दो लोग तो कार्यक्रम स्थल से बाहर चले गये फिर वापस नही गये और दो लोग किसी तरह जुगाड़ बनाकर प्रवेश कर पाये। कुछ भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओ ने नाम न छापने की शर्त बताया कि ऐसे लोगों के वीआईपी पास बनाये गये, जिनका कोई औचित्य नही था। शीर्ष नेतृत्व को वरिष्ठ कार्यकर्ताओ के वीआईपी पास बनाना चाहिए था।


जनसभा में पीएम मोदी का स्केच बनाकर दिखाती हाईस्कूल की छात्रा आराध्या।

## फर्स्ट वोटर

### युवाओं को रोजगार देने का हो प्रयास: अभिषेक



इस चुनाव में पहली बार मतदान करने को लेकर उत्साहित हूं। सरकार को युवाओं की पढ़ाई और रोजगार पर ध्यान देना चाहिए।

### पहली बार मतदान का है उत्साह: मानस



सभी नागरिकों को मतदान अवश्य करना चाहिए। पहली बार मतदान करने का अवसर मिला है। स्वच्छ छवि का प्रत्याशी चुनूंगा।

### सुशासन के लिए करूंगा पहली बार वोट: अनंत



पहली बार मतदान करूंगा। लोकतंत्र में हर एक वोट महत्वपूर्ण होता है। सुशासन के लिए मतदान करूंगा।

### मतदान हमारा मौलिक अधिकार: नेहा



इस बार पहली बार वोट देने का अवसर मिला है। मतदान हमारा मौलिक अधिकार है। सभी को वोट जरूर देना चाहिए।

# पहले तौल कराने को लेकर आपस में भिड़े किसान

महमूदाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार।** रविवार सुबह तहसील क्षेत्र के पहला ब्लॉक इलाके के सरैयां गन्ना तौल केंद्र पर गन्ना तौल कराने को लेकर दो किसान आपस में ही भिड़ गए। जिससे दोनों के बीच मारपीट हुई। ऐसे में अन्य नाराज किसानों ने महमूदाबाद-बिसवां मार्ग जाम कर दिया। साथ ही किसानों ने तौल प्रभारी पर भेदभाव व अनियमितता का आरोप लगाया।

सरैंया स्थित गन्ना तौल केंद्र पर पहले तौल कराने का लेकर दो किसानों के बीच मारपीट हुई। जिस पर तौल बंद किये जाने से नाराज अन्य किसानों ने महमूदाबाद-बिसवां मार्ग को जाम कर दिया। सूचना मिलने पर पूर्व मंत्री नरेंद्र वर्मा मौके पर पहुंचे और किसानों से बातचीत की।


ट्रैक्टर लगाकर रास्ता जाम करते किसान व लोगों की लगी भीड़। अमृत विचार

विवाद के वक्त मौके पर पहुंचे पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा ने किसानों से बातचीत की, उनकी समस्याओं को सुनकर सम्बंधित अधिकारियों से फोन पर वार्ता की। ऐसे में गन्ना विभाग के अधिकारी ने गन्ना प्रबंधक बिसवां अमरीश कुमार को मौके पर भेजा। अमरीश ने किसानों को शांत कराते हुए बंद रास्ते को खुलवाया और गन्ना तौल कार्य पुनः शुरू कराया। गन्ना तौल की समस्या के संबंध में किसानों को गन्ना तौल कराने में कोई असुविधा न हो, व उनका गन्ने की बहुत जल्दी तौल हो जाये, इस सम्बन्ध नरेंद्र वर्मा ने अधिकारियों से बात की। वहीं मारपीट में चोटिल किसानों को अस्पताल भेजा गया। इस मौके पर किसानों ने गन्ना तौल केंद्र प्रभारी रमेश पर तौल में भेदभाव किये जाने और अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुए उनकी जगह किसी दूसरे को गन्ना तौल प्रभारी बनाने की मांग की।

### मार्ग किया जाम

- पूर्व मंत्री ने मौके पर पहुंचकर किसानों व अधिकारियों से की बात, तौल प्रभारी को हटाने की मांग

## सार-संक्षेप

### भाजपा के पूर्व मंत्री व राष्ट्रीय महामंत्री का स्वागत


दिलोना बाईपास पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजकिशोर सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, अमृत विचार** : अयोध्या में प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो में शामिल होनेजा रहे हाल ही में भाजपा में शामिल हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री राजकिशोर सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी सांसद बस्ती का स्वागत कार्यकर्ताओं ने दिलौना बाईपास भिटरिया के पास किया। ड्रोन कैमरे से वीडियो रिकार्डिंग की गई। पूर्व कैबिनेट मंत्री के स्वागत की प्रतीक्षा में घंटों सैकड़ों समर्थक राजमार्ग पर इंतजार करते रहे। स्वागत करने वालों में अभिनव सिंह, सनी सिंह, भगवती सिंह, रुद्रांश सिंह, कृष्णकांत शुक्ला, विवेक सूर्यवंशी, अनुज वर्मा, राजित राम मिश्रा, प्रमोद वर्मा, भानू प्रताप सिंह, सूरज समेत बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कलश यात्रा के साथ हुई गायत्री महायज्ञ की शुरुआत


कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार** : ब्लॉक के उमरी विशुनपुर गांव के प्राथमिक विद्यालय में परिसर में रविवार से तीन दिवसीय 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की शुरुआत की गयी। कार्यक्रम की शुरुआत से पहले महिलाओं ने भव्य कलश शोभायात्रा निकाली। महिलाओं ने पानी से भरे घड़ों को सिर पर रखकर गांव भर में भ्रमण किया। इसके बाद पुन : कार्यक्रम स्थल पहुचीं । यहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर यज्ञ की शुरुआत की गयी। इस अवसर पर आयोजक देवेंद्र मिश्रा, संयोजक रमेश चन्द्र मौर्या, साकेत शर्मा, चक्रेश पांडेय, बलराज सिंह, कृष्ण मुरारी पाल, रामवीर यादव आदि गायत्री परिवार के लोग व स्थानीय श्रद्धालु मौजूद रहे।

### मनुष्यों का उद्धार करने को हुआ था श्रीकृष्ण का जन्म

**निन्दूरा बाराबंकी, अमृत विचार** : निंदूरा क्षेत्र के बाबागंज के स्थित नारायणपुर गांव में श्रीमद्भगवत कथा के पहले दिन रविवार को कथा व्यास गोपाल दास महाराज ने मौजूद श्रोताओं को बताया कि प्रभु श्रीकृष्ण का नाम सुदर्शन चक्रधारी लीलाधारी नाम क्यों पड़ा। काली अधियारी रात में जन्मे कृष्ण की अनेक बाल लीलाएं प्रचलित हैं। धरती पर उनका जन्म बहुत से मनुष्यों और दानवों का उद्धार करने के लिए ही हुआ था। जिसमे से कुछ प्रसं0ग बेहद प्रचलित है। कृष्ण के द्वारा की गई बाल लीलाओं और अनेक सुर, असुर और मनुष्यों के उद्धार के आधार पर अनेक नाम भी हैं। माधव, केशव, अच्युत, वासुदेव, नंदलाल, देवकीनंदन, गोपाल, गोविंदा, हरि, द्वारिकाधीश आदि नाम भगवान कृष्ण के ही हैं। भगवान कृष्ण ने पैदा होने के साथ ही लोगों का उद्धार करना शुरू कर दिया था। वो कृष्ण ही थे जिन्होंने कौरवों के साथ युद्ध में पांडवों का साथ दिया था और पूरे युद्ध में अस्त्र न उठाने का प्रण किया था। इस मौके पर आयोजक श्रीपाल, संतोष, रामचंद्र, राजकिशोर, अवधेश समेत भारी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार के फैसलों से संकट में जनता: तनुज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** इंडिया गठबन्धन के कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र रामनगर की अलग अलग न्याय पंचायतों में जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में देश की जनता, महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से पीड़ित है। लेकिन उसकी ओर ध्यान देने वाला कोई नहीं।


उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बांड घोटाले ने साबित कर दिया कि भाजपा की सरकार लूट और झूठ की है। भाजपा सरकार की नीतियों और मोदी के फैसलों से देश की जनता परेशानी और संकट में है। इससे निजात पाने के लिए देश से भाजपा सरकार जाना नितान्त आवश्यक है।


बैठक को संबोधित करते तनुज पुनिया।

कांग्रेस के घोषणा न्याय पत्र पर चर्चा करते हुए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने कहा कि हमारा चुनाव घोषणा पत्र एक ऐसा ऐतिहासिक दस्तावेज है, जिसने सत्तारूढ भाजपा की नींद उड़ा दी है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही सरकार किसानों का कर्ज माफ करेगी।

### पूंजीपतियों को बढ़ाने का काम कर रही सरकार : गोप

**बाराबंकी, अमृत विचार** : सपा के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने रविवार को जैदपुर में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। सभा जैदपुर नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन रियाज अहमद द्वारा आयोजित की गई थी। गोप ने कहा कि जबसे भाजपा सरकार आई है, तब से सिर्फ पूंजीपतियों को ही बढ़ाने का काम कर रही है। देश की सभी बड़ी-बड़ी कंपनियां और उद्योग धंधे कुछ चुनिंदा लोगों के हाथों में सौंपे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की सत्ता पर बैठी सरकार गरीब कमजोर व्यक्ति की दुश्वारियों को दूर करने के बजाय वह इस तरफ देखना तक नहीं चाहती। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया को समर्थन दीजिए। गठबंधन की सरकार बनते ही आप सब की समस्याओं का एक झटके में समाधान हो जाएगा। इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही घोषणा पत्र में किए गए वादों से सभी देशवासियों की जीवन शैली में परिवर्तन होगा। सभा में मुख्य रूप से पूर्व चेयरमैन हफीज भारती और जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान समेत तमाम नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।


गोप का स्वागत करते कार्यकर्ता।

# प्लाट पर कब्जा करने वाले दो लोगों पर केस

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचार :** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गांव पूरे गिरधर तिवारी मजरे भानपुर में एक प्लाट पर कब्जा करने वाले दो लोगों पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

पीड़िता रेनू पाण्डेय ने कोतवाली राम सनेही घाट पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि जुलाई 2018 में भिटरिया-हैदरगढ़ रोड पर स्वामी दयाल, भारतलाल, ब्रह्मादीन से प्लाट खरीदा था। बताया कि श्रीराम व दीपक ने प्लाट में कब्जा करने का प्रयास किया था लेकिन पुलिस द्वारा रोक दिया गया था। जिसमें महिला ने न्यायालय में वाद दाखिल किया व न्यायालय द्वारा आरोपियों को कब्जा न करने का आदेश 2019 में दिया गया था। आरोप लगाया कि न्यायालय का आदेश न मानते हुए शनिवार सुबह आरोपियों ने प्लाट पर पड़ी 1000 ईंटें व 2 ट्राली मौरंग व बालू उठा लिया व प्लाट पर कब्जा कर लिया। इसके साथ ही गालियां दी व फर्जी मुकदमे में उसे फंसाने की धमकी भी दी। महिला ने बताया कि दबंग पहले भी पुत्र व पति के खिलाफ एसीएसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज करा चुके हैं। रामसनेहीघाट पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## लोकसभा चुनाव

### भाजपा की हैट्रिक को लेकर लोगों के बीच तेज हुई कयासबाजी, धार्मिक स्थलों के विकास की सराहना की

# गुंडों पर तो लग गयी लगाम, महंगाई पर भी लगे विराम

चुनावी चौपाल

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी

**अमृत विचार :** प्रदेश की राजधानी लखनऊ एवं विश्वविख्यात रामनगरी अयोध्या के बीच बसे बाराबंकी में लोकसभा चुनाव को लेकर हलचल तेज है। कोई भाजपा की तो कई गठबंधन की सरकार बनाने का दावा कर रहा है। कुछ ने कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर बतायी तो कुछ ने महंगाई पर अंकुश लगाने की बात कही।

बाराबंकी लोकसभा सीट लगातार दो बार भाजपा जीत चुकी है। अब लोग इसकी हैट्रिक को लेकर कयास लगा रहे हैं। इसी कयासबाजी के बीच लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए अमृत विचार की टीम रविवार को सिरौलीगौसपुर पहुंची। गांवों में राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता अपनी टोली के साथ डोर-टू-डोर सम्पर्क करते भी दिखाई पड़े। टीम क्षेत्र के प्रसिद्ध महाभारतकालीन कुन्तेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंची तो मंदिर के महंत बाबा शीतल दास के इर्द-गिर्द बैठे मेड़ीलाल मौर्य, सतीश विश्वकर्मा, विपिन कुमार, राम कैलाश, भारत यादव, संदीप मौर्य, विनीत सैनी, ओमप्रकाश आदि चुनाव चर्चा करते मिले। इन लोगों के बीच भाजपा की हैट्रिक को लेकर चर्चा चल रही थी। ज्यादातर लोग सरकार की कानून व्यवस्था से खुश थे तो कुछ लोगों को छुट्टा जानवरों से हो रहे नुकसान की तकलीफ़ भी सुनाई दी। बाबा शीतल दास ने बातचीत में सरकार द्वारा धार्मिक स्थलों के विकास पर दिए जा रहे ध्यान को सराहते हुए कहा कि कुन्तेश्वर महादेव मंदिर के लिए भी योगीजी ध्यान दें तो इस पौराणिक स्थान का भी विकास हो जाता। वहीं भारत यादव ने बताया कि किसानों को छुट्टा जानवरों से निजात नहीं मिल पाई है। मेड़ीलाल मौर्य ने कहा कि सरकार ने गुंडों पर लगाम लगा दी है। सतीश विश्वकर्मा ने कहा कि महंगाई पर अंकुश लगाने की जरूरत है। संदीप मौर्य ने सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं के माध्यम से गरीबों को मिलने वाली सहायता और बढ़नी चाहिए। अमृत विचार की टीम ने सभी से मतदान अवश्य करने की अपील करते हुए मतदान के लिए शपथ दिलायी।


ग्रामीणों के साथ मतदान की शपथ लेते महंत बाबा शीतलदास। अमृत विचार

# जमीन पर कब्जा करने का आरोप

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, अमृत विचार:** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गांव पुरे पनई मजरे महुलारा निवासिनी एक महिला ने तीन लोगों के खिलाफ जमीन पर कब्जा करने का मुकदमा दर्ज कराया है।

गांव निवासिनी गीता ने बताया कि पति की मृत्यु के बाद उनके नाम दर्ज भूमि की वरासत महिला व बच्चों के नाम हो गयी है। उसने आरोप लगाया कि श्रीराम जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर रहा है। शनिवार को उसने गालियां दी व आरोपी श्रीराम, दीपक व ज्ञाना देवी ने जान से मारने की धमकी भी उसे दी। पीड़िता की ओर से तहरीर मिलने पर रामसनेहीघाट पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

